● वर्ष 05 ● अंक 528 ● पृष्ठ 6 ● मूल्य : 2 रुपये ● देवघर, शनिवार 13 सितम्बर, 2025

www.republicnationnews.com.in E-mail : republicnationdesk@gmail.com

REPUBLIC NATION

हिन्दी समाचार-पत्र

# रिपब्लिक नेशन

सच्चाई की जड़ तक पहुंचता आपका अपना मत



A Unit of AB MASS MEDIA PVT. LTD.

● संपादक : अनिता कुमारी ● प्रधान संपादक : वरुण कुमार +91 7004248229

## संक्षिप्त समाचार

### सहारा के जमाकर्ताओं का बकाया चुकाने के लिए 5,000 करोड़ रुपए जारी करने का आदेश

**नई दिल्ली/भाषा।** उच्चतम न्यायालय ने सहारा समूह की सहकारी समितियों के जमाकर्ताओं का बकाया चुकाने के लिए शुक्रवार को बाजार नियामक सेबी के पास जमा धनराशि में से 5,000 करोड़ रुपये जारी करने का आदेश दिया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने केंद्र सरकार द्वारा दायर उस आवेदन को मंजूरी दी जिसमें सेबी-सहारा रिफंड खाते में रखी राशि से जमाकर्ताओं को भुगतान करने का अनुरोध किया गया था। इसके साथ ही न्यायालय ने दिसंबर, 2023 में आवंटित 5,000 करोड़ रुपये के वितरण की अंतिम तिथि को 31 दिसंबर, 2025 से बढ़ाकर 31 दिसंबर, 2026 कर दिया है। शीर्ष अदालत ने निर्देश दिया कि 5,000 करोड़ रुपये की राशि सेबी-सहारा रिफंड खाते से सहकारी समितियों के केंद्रीय पंजीयक को हस्तांतरित की जाए जो जांच-पड़ताल के बाद वास्तविक जमाकर्ताओं को यह राशि वितरित करेगा।

### मानसून की वापसी 15 सितंबर के आसपास शुरू हो सकती है : आईएमडी

**नई दिल्ली/भाषा।** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शुक्रवार को कहा कि दक्षिण-पश्चिम मानसून 15 सितंबर के आसपास उत्तर-पश्चिम भारत से वापसी शुरू कर सकता है। मानसून आमतौर पर एक जून तक केरल में दस्तक देता है और आठ जुलाई तक पूरे देश में फैल जाता है। यह 17 सितंबर के आसपास उत्तर-पश्चिम भारत से वापसी शुरू करता है और 15 अक्टूबर तक पूरी तरह से लौट जाता है। आईएमडी ने एक बयान में कहा, ''15 सितंबर के आसपास पश्चिमी राजस्थान के कुछ हिस्सों से दक्षिण-पश्चिम मानसून की वापसी के लिए परिस्थितियां अनुकूल होती जा रही हैं।''

### भारत, फ्रांस ने आतंकवाद विरोधी सहयोग बढ़ाने का संकल्प लिया

**नई दिल्ली/भाषा।** भारत और फ्रांस ने आतंकवाद, उग्रवाद और कट्टरपंथ से निपटने में सहयोग बढ़ाने का संकल्प लिया है। उन्होंने पहलगाम आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा भी की है। दोनों देशों ने आतंकवाद से मुकाबले पर भारत-फ्रांस संयुक्त कार्य समूह (जेडब्ल्यूजी) की बृहस्पतिवार को पेरिस में हुई बैठक में इन खतरों से संयुक्त रूप से निपटने पर विचार-विमर्श किया।

## सुविचार

''एक सफल व्यक्ति वह है जो औरों द्वारा अपने ऊपर फेंके गए ईंटों से एक मजबूत नींव बना सके।'' - डेविड बिकले

## बिज़नेस

**बीएसई सेंसेक्स**

81,548.73123.58 (0.15%)

**निफ्टी**

25,005.50 32.40 (0.13%)

## दैनिक पंचांग

| | | |
|---|---|---|
| तिथि | चतुर्थी | 12:46 तक |
| नक्षत्र | अश्विनी | 13:58 तक |
| प्रथम करण | बालवा | 12:46 तक |
| द्वितीय करण | कौवाला | 23:21 तक |
| पक्ष | कृष्ण | |
| वार | शनिवार | |
| योग | ध्रुव | 17:01 तक |
| सूर्योदय | 06:04 | |
| सूर्यास्त | 18:23 | |
| चंद्रमा | मेष | |
| राहुकाल | 13:46 - 15:18 | |
| विक्रमी संवत | 2082 | |
| शक संवत | 1947 | विश्वावसु |
| मास | भाद्रपद | |
| शुभ मुहूर्त | अभिजीत | 11:49 - 12:38 |

# भारतीय पांडुलिपियों के डिजिटलीकरण से 'बौद्धिक चोरी' रूकेगी : मोदी



**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि भारत की प्राचीन पांडुलिपियों के डिजिटलीकरण से ''बौद्धिक चोरी'' रुकेगी। उन्होंने कहा कि अन्य लोगों ने देश की पारंपरिक ज्ञान संपदा में मौजूद जानकारी की नकल की और उसका पेटेंट करा लिया।

ज्ञान भारतम पर यहां विज्ञान भवन में, 'पांडुलिपि विरासत के माध्यम से भारत के ज्ञान धरोहर की पुनःप्राप्ति' विषय पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह पहल ''स्वदेशी'' और ''आत्मनिर्भर भारत'' की अवधारणा के साथ आगे बढ़ने के देश के संकल्प का विस्तार है। उन्होंने कहा कि भारत अब सदियों से अपनी पांडुलिपियों में संरक्षित प्राचीन ज्ञान की विरासत को दुनिया के समक्ष गर्व से प्रस्तुत कर रहा है।

मोदी ने देश भर में मौजूद इन पांडुलिपियों को डिजिटल बनाने के सरकार के लक्ष्य में साथ काम करने के लिए निजी संगठनों की सराहना की और कहा कि अब तक 10 लाख से अधिक पांडुलिपियों का डिजिटलीकरण किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि भारत थाईलैंड, वियतनाम और मंगोलिया जैसे अन्य देशों के साथ काम कर रहा है, जिनके साथ उसके सांस्कृतिक संबंध रहे हैं और जहां ऐसी पांडुलिपियां हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि यह आयोजन भारत के स्वर्णिम अतीत के पुनर्जागरण का साक्षी है। उन्होंने कहा कि इसकी ज्ञान परंपरा इतनी समृद्ध है क्योंकि यह संरक्षण, नवाचार और अनुकूलन के स्तंभों पर टिकी हुई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के पास दुनिया का सबसे बड़ा संग्रह है, जिसमें लगभग एक करोड़ पांडुलिपियां हैं।

मोदी ने कहा, ''अतीत में करोड़ों पांडुलिपियां नष्ट हो गईं, लेकिन जो बची हैं, वे दर्शाती हैं कि हमारे पूर्वज ज्ञान, विज्ञान और शिक्षा के प्रति कितने समर्पित थे।'' उन्होंने कहा कि भारत अपनी सांस्कृतिक पहचान, चेतना और आत्मा के साथ एक जीवंत धारा है तथा इसका इतिहास केवल राजवंशों के उत्थान और पतन तक सीमित नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत की पांडुलिपियों में संपूर्ण मानवता की विकास यात्रा के वृतांत समाहित हैं।

मोदी ने देश की पांडुलिपियों को ''खजाना'' और ''राष्ट्र का गौरव'' बताते हुए कहा कि इन प्राचीन कृतियों में, ''हमें भारतीय लोकाचार के शाश्वत प्रवाह देखने को मिलते हैं।''

प्रधानमंत्री ने पांडुलिपियों के डिजिटलीकरण, संरक्षण और सार्वजनिक पहुंच में तेजी लाने के लिए एक समर्पित डिजिटल प्लेटफॉर्म, 'ज्ञान भारतम' पोर्टल की भी शुरुआत की।

आगमन के तुरंत बाद, उन्होंने सबसे पहले कार्यक्रम स्थल पर आयोजित प्रदर्शनी का दौरा किया, जिसमें कुछ दुर्लभ भारतीय पांडुलिपियों का प्रदर्शन किया गया।




# हासन में गणेश विसर्जन यात्रा में ट्रक के घुस जाने से आठ लोगों की मौत

**हासन/भाषा।** कर्नाटक में हासन जिले के एक गांव में शुक्रवार रात गणेश विसर्जन यात्रा में एक ट्रक के घुस जाने से आठ लोगों की मौत हो गई और 20 से अधिक लोग घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने यह जानकारी दी।

यह घटना गणेश चतुर्थी समारोह के अंतिम दिन रात लगभग आठ बजकर 45 मिनट पर मोसाले होसाहल्ली गांव में हुई।

सूत्रों ने कहा, ''मृतकों में से अधिकतर युवा लड़के हैं।'' उन्होंने बताया कि 20 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें इलाज के लिए हासन के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ट्रक कथित तौर पर अरकलगुडु से आ रहा था और चालक का वाहन पर से नियंत्रण खो जाने के बाद ट्रक ने श्रद्धालुओं को कुचल दिया।

केंद्रीय भारी उद्योग एवं इस्पात मंत्री एच.डी. कुमारस्वामी ने कहा, ''हासन तालुका के मोसाले होसाहल्ली में गणपति विसर्जन यात्रा के दौरान हुए भीषण हादसे की खबर सुनकर मुझे बहुत दुख हुआ।''

# 'वोट चोरों' को गद्दी छोड़ने पर मजबूर कर सकते हैं : राहुल गांधी



**जूनागढ़/भाषा।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को ''वोट चोरी'' की बात दोहराते हुए सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर चुनाव में धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया और अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं से कहा कि वे नागरिकों के समर्थन से ''वोट चोरों'' को गद्दी छोड़ने पर मजबूर कर सकते हैं।

महाभारत के युद्ध का हवाला देते हुए उन्होंने भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) नेताओं को कौरवों के रूप में पेश करने का प्रयास किया, जो अधर्म और छल के प्रतीक थे। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पांडव बताया। महाभारत की लड़ाई में पांडव विजयी हुए थे।

गांधी ने भाजपा शासित गुजरात में पार्टी के 'संगठन सृजन अभियान' के तहत जूनागढ़ में प्रदेश कांग्रेस के जिला और शहर इकाई अध्यक्षों को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की। इस संबोधन के बाद, कांग्रेस सेवा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालजी देसाई ने मीडिया को गांधी के भाषण के बारे में जानकारी दी और कहा कि उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से प्रमुख मुद्दों से भटकने से बचने का आग्रह किया।

देसाई ने कहा, ''राहुलजी ने हमें बताया कि भाजपा और आरएसएस के नेता महाभारत के कौरवों की तरह हैं, जबकि कांग्रेस कार्यकर्ता पांडवों की भूमिका में हैं। सभी जानते हैं कि भाजपा सत्ता में आने के लिए पहले लोगों को बांटती है और फिर सारे संसाधन लूट लेती है। राहुल जी ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं को ऐसी विचारधारा के खिलाफ लड़ने की जरूरत है।''

लोकसभा में विपक्ष के नेता गांधी ने सभा में मौजूद लोगों से कहा कि उनकी पार्टी देश के नागरिकों की ओर से एक राजनीतिक लड़ाई लड़ रही है। देसाई ने कहा, ''उन्होंने (गांधी) कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं को मुख्य मुद्दों से भटकना नहीं चाहिए। हम वास्तव में जनता की लड़ाई लड़ रहे हैं।''

# प्रधानमंत्री मोदी की मां से जुड़े एआई वीडियो को लेकर पुलिस में शिकायत दर्ज

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दिल्ली इकाई के एक कार्यकर्ता ने शुक्रवार को पुलिस में शिकायत देकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दिवंगत मां का कथित एआई जनित वीडियो साझा करने में शामिल कांग्रेस नेताओं के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग की। दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि शिकायत नॉर्थ एवेन्यू पुलिस थाने में दी गई है और उचित कानूनी कार्यवाही के लिए पड़ताल की जा रही है। उन्होंने बताया कि मामले में अभी तक कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है। भाजपा कार्यकर्ता संकेत गुप्ता ने पुलिस को दी शिकायत में दावा किया है कि कांग्रेस की बिहार इकाई की ओर से प्रसारित एआई-जनित वीडियो में प्रधानमंत्री और उनकी दिवंगत मां की छवि धूमिल की है तथा कानूनी, नैतिक मानदंडों एवं महिलाओं की गरिमा का उल्लंघन किया है। गुप्ता ने वीडियो के लिए कांग्रेस पार्टी और उसके पदाधिकारियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की उचित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज करने और सोशल मीडिया मंच 'एक्स' को सामग्री हटाने का निर्देश देने की मांग की।

## शिवकुमार ने अलमाटी मुद्दे पर फडणवीस से कहा

# 'यह हमारा पानी है, हमारा हक है, आप इसे रोक नहीं सकते'

■ अलमाटी बांध की ऊंचाई 524 मीटर बढ़ाने का फैसला हमारे हक में (अदालत से) आ चुका है, बस (केंद्र से) गजट अधिसूचना जारी होना बाकी है।



**शिवमोग्गा (कर्नाटक)/भाषा।** कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने अलमाटी बांध की ऊंचाई बढ़ाने की राज्य की प्रस्तावित योजना पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस द्वारा आपत्ति जताए जाने पर शुक्रवार को पलटवार किया और कहा कि पड़ोसी राज्य इसे नहीं रोक सकता।

जल संसाधन विभाग का भी कार्यभार संभाल रहे उपमुख्यमंत्री शिवकुमार ने कहा, ''यह हमारा पानी है, हमारा हक है।''

फडणवीस ने बृहस्पतिवार को कथित तौर पर कहा था कि उनकी सरकार कर्नाटक द्वारा अलमाटी बांध की ऊंचाई बढ़ाने के किसी भी प्रयास को चुनौती देने के लिए उच्चतम न्यायालय का रुख करेगी।

शिवकुमार ने कहा, ''फडणवीस ने कहा है कि वे (महाराष्ट्र) कृष्णा नदी के संबंध में गजट अधिसूचना की अनुमति नहीं देंगे - अलमाटी बांध की ऊंचाई 524 मीटर तक बढ़ाने के लिए। मैं फडणवीस से कहना चाहता हूं कि आप न्यायाधीश नहीं हैं। यह हमारा पानी है, हमारा हक है..... 524 मीटर बढ़ाने का फैसला हमारे हक में (अदालत से) आ चुका है, बस (केंद्र से) गजट अधिसूचना जारी होना बाकी है। आप इसे रोक नहीं सकते।'' उन्होंने यहां पत्रकारों से कहा, ''आप राजनीति कर सकते हैं, लेकिन आपकी पूरी पार्टी (भाजपा) कर्नाटक में बिखर जाएगी। हम इस मुद्दे पर चुनाव लड़ेंगे, हमें पता है कि कैसे करना है।'' उन्होंने कहा, ''16 सितंबर को मंत्रिमंडल की विशेष बैठक के दौरान, हम अपर कृष्णा परियोजना (यूकेपी) चरण 3 के लिए भूमि अधिग्रहण पर किसानों को मुआवजा देने पर फैसला करेंगे। हम किसानों की मदद करना चाहते हैं, भाजपा किसानों के खिलाफ काम कर रही है...।''

अपर कृष्णा परियोजना के तीसरे चरण में अलमाटी बांध की ऊंचाई 519 मीटर से बढ़ाकर 524 मीटर करना शामिल है, जिससे भंडारण क्षमता 100 टीएमसी फुट बढ़ जाएगी। इसके लिए 1.33 लाख एकड़ भूमि के अधिग्रहण की आवश्यकता होगी, जिसमें 75,563 एकड़ भूमि जलमग्न हो जाएगी।

# रूसी तेल की खरीद पर टैरिफ भारत के साथ दरार पैदा करता है

**मैंने सात संघर्ष सुलझाए हैं। मैंने कई संघर्ष सुलझाए, जिनमें पाकिस्तान और भारत भी शामिल हैं, साथ ही बड़े संघर्ष, जिनमें से कुछ अनसुलझे थे, जैसे कांगो और रवांडा। मैंने उन्हें सुलझाया।**



**न्यूयॉर्क/भाषा।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि रूसी तेल खरीदने को लेकर भारत पर टैरिफ (शुल्क) लगाना आसान काम नहीं है और यह ''भारत के साथ दरार पैदा करता है।'' ट्रंप ने शुक्रवार को 'फॉक्स एंड फ्रेंड्स' को दिये साक्षात्कार में कहा, ''देखिए, भारत उनका (रूसी तेल का) सबसे बड़ा ग्राहक है। मैंने भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया क्योंकि वे रूस से तेल खरीद रहे हैं। यह कोई आसान काम नहीं है। यह एक बड़ी बात है और इससे भारत के साथ दरार पैदा होती है।''

अमेरिकी राष्ट्रपति से पूछा गया था कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर शिकंजा कसने का क्या मतलब है, जिसके जवाब में ट्रंप ने यह कहा। उन्होंने कहा, ''लेकिन मैं यह पहले ही कर चुका हूं। मैंने बहुत कुछ किया है।'' ट्रंप ने कहा, ''और याद रखें कि यह हमारी समस्या से कहीं अधिक यूरोप की समस्या है।''

साक्षात्कार में, ट्रंप ने अपने इस दावे को भी दोहराया कि उन्होंने राष्ट्रपति के रूप में अपने दूसरे कार्यकाल में अब तक सात संघर्षों को सुलझाया है। ट्रंप ने कहा, ''मैंने सात संघर्ष सुलझाए हैं। मैंने कई संघर्ष सुलझाए, जिनमें पाकिस्तान और भारत भी शामिल हैं, साथ ही बड़े संघर्ष, जिनमें से कुछ अनसुलझे थे, जैसे कांगो और रवांडा। मैंने उन्हें सुलझाया। यह 31 सालों से चल रहा था, लाखों लोग मारे गए। मैंने ऐसे संघर्ष सुलझाए जो अनसुलझे थे।'' रूस से कच्चे तेल की खरीद का बचाव करते हुए, भारत यह कहता रहा है कि उसकी ऊर्जा खरीद राष्ट्रीय हित और बाजार की गतिशीलता से प्रेरित है।

# चंद्रपुरम पोन्नुसामी राधाकृष्णन ने उप राष्ट्रपति पद की शपथ ली



**नई दिल्ली/भाषा।** चंद्रपुरम पोन्नुसामी राधाकृष्णन ने शुक्रवार को देश के 15 वें उपराष्ट्रपति पद की शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में श्री राधाकृष्णन को पद की शपथ दिलाई। इससे पहले राधाकृष्णन के उप राष्ट्रपति निर्वाचित होने से संबंधित निर्वाचन आयोग का प्रमाण पत्र पढ़कर सुनाया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, पूर्व उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड, वेंकैया नायडू , हामिद अंसारी , लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह , केन्द्रीय मंत्री प्रकाश नड्डा , नितिन गडकरी और कई अन्य केन्द्रीय मंत्री तथा अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

धनखड़ के स्वास्थ्य कारणों से इस्तीफा देने के बाद 9 सितम्बर को उप राष्ट्रपति का चुनाव कराया गया था। इस चुनाव में केंद्र में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार रहे श्री राधाकृष्णन निर्वाचित घोषित किये गये थे। उन्होंने विपक्ष के उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी को 152 मतों के बड़े अंतर से हराया।

राधाकृष्णन अब तक महाराष्ट्र के राज्यपाल थे। चार मई, 1957 को तमिलनाडु के तिरुप्पुर में जन्मे राधाकृष्णन बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में स्नातक हैं। उन्होंने अपना सार्वजनिक जीवन राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के स्वयंसेवक के रूप में शुरू किया और अब वह देश के उप राष्ट्रपति चुने गये हैं।

राधाकृष्णन ने सार्वजनिक जीवन राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के स्वयंसेवक के रूप में शुरू किया और सन 1974 में भारतीय जनसंघ की राज्य कार्यकारिणी के सदस्य बने। उन्हें 1996 में तमिलनाडु में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का सचिव नियुक्त किया गया। वे 1998 में कोयंबटूर से पहली बार लोकसभा के लिए चुने गए। वर्ष 1999 में वे पुनः लोकसभा के लिए चुने गए।



## नेपाल की पहली महिला प्रधानमंत्री के रूप में

# पूर्व प्रधान न्यायाधीश सुशीला कार्की ने शपथ ली

**काठमांडू/भाषा।** पूर्व प्रधान न्यायाधीश सुशीला कार्की ने शुक्रवार को नेपाल की पहली महिला प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। वह अंतरिम सरकार का नेतृत्व करेंगी।

इसके साथ ही नेपाल में राजनीतिक अस्थिरता समाप्त हो सकती है क्योंकि कथित भ्रष्टाचार और सोशल मीडिया पर प्रतिबंधों के खिलाफ युवाओं के हिंसक प्रदर्शन के चलते मंगलवार को के पी शर्मा ओली को अचानक प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा था।

राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने राष्ट्रपति कार्यालय में 73 वर्षीय कार्की को पद की शपथ दिलाई। इस अवसर पर राष्ट्रपति पौडेल और नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री के अलावा, उपराष्ट्रपति राम सहाय यादव और प्रधान न्यायाधीश प्रकाश मान सिंह रावत भी उपस्थित थे।

राष्ट्रपति पौडेल ने कहा कि नई कार्यवाहक सरकार को छह महीने के भीतर नए संसदीय चुनाव कराने का दायित्व सौंपा गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### दुर्गापूजा के आयोजन को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन्न

- अफीम की खेती एवं महिला सुरक्षा को लेकर किया गया जागरूक



**ईचागढ़/रिपब्लिक नेशन।** सरायकेला खरसावां जिला के तिरूलडीह एवं ईचागढ़ थाना परिसर में क्षेत्र में होने वाली शारदीय नवरात्रि ''दुर्गापूजा'' को लेकर शनिवार को दुर्गा पूजा कमिटी व शांति समिति के सदस्यों का बैठक का आयोजन किया गया। तिरुलडीह थाना परिसर में थाना प्रभारी अविनाश कुमार एवं ईचागढ़ थाना में थाना प्रभारी बिक्रम आदित्य पांडे की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उक्त बैठक में बिजली, स्वास्थ्य, पानी, साफ-सफाई, यातायात नियंत्रण आदि की जानकारी दी गई। थाना प्रभारी ने सरकार की ओर से जारी गाइड लाइन से अवगत कराते हुए कहा कि दुर्गा पूजा समिति को शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा पंडाल में सीसीटीवी की व्यवस्था को लेकर विशेष निर्देश दिए एवं साथ में अग्निशमन की भी व्यवस्था हर पंडाल पर करने को कहा। वहीं सभी से अपील करते हुए कहा गया की विशेष कर बाइक स्टंट करने वाले वैसे युवक व वाट्सएप पर अपवाह फैलाने वाले पर कार्रवाई किया जाएगा।साथ ही साथ अफीम की खेती से होनेवाले नुकसान एवं महिला सुरक्षा को लेकर जागरूक किया गया।बैठक में तिरूलडीह थाना प्रभारी अविनाश कुमार, ईचागढ़ प्रभारी बिक्रम आदित्य पांडे, कुकडू प्रखंड प्रमुख प्रतिमा सिंह पातर, उप प्रमुख एकराम अंसारी, पूर्व जिप उपाध्यक्ष अशोक साव,चौड़ा पंचायत के मुखिया रामबालक सिंह मुंडा, बिपीन सिंह मुण्डा , अनील सिंह, अमित सिन्हा आदि उपस्थित थे।

### जामताड़ा में नहाय-खाय के साथ जितिया पर्व का शुभारंभ, बाजारों में दिखी रौनक



**संवाददाता/जामताड़ा /रिपब्लिक नेशन।** शनिवार को जामताड़ा जिले में परंपरागत आस्था और श्रद्धा के साथ जितिया पर्व की शुरुआत नहाय-खाय अनुष्ठान से हुई। इस अवसर पर व्रती महिलाओं ने संजोत (पवित्रता और नियमों के साथ बना सात्विक भोजन) के साथ व्रत का आरंभ किया। नहाय-खाय के दिन मछली-भात खाने की परंपरा कई क्षेत्रों में प्रचलित है। यह भोजन व्रत रखने वाली महिलाओं को अगले दिन के कठिन निर्जला उपवास के लिए ऊर्जा प्रदान करता है। सात्विकता और शुद्धता से परिपूर्ण यह भोजन शरीर में शक्ति बनाए रखता है। इस अवसर पर जामताड़ा जिले के विभिन्न चौक-चौराहों और बाजारों में खरीदारी की जोरदार रौनक देखी गई। जामताड़ा मुख्यालय के साथ-साथ पबिया, मोहनपुर, नारायणपुर, धोबना, मंझलाडीह सहित पूरे जिले में उत्साह का माहौल देखने को मिला। लोगों ने बड़ी संख्या में मछली की खरीदारी की, जिससे बाजारों में चहल-पहल बनी रही। जितिया पर्व, जिसे जीवित्पुत्रिका व्रत भी कहा जाता है, माताओं द्वारा अपने संतान की दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य और सुखमय जीवन की कामना से किया जाता है। यह पर्व अत्यंत कठिन तपस्या का प्रतीक है, जिसमें माताएं पूरे दिन निर्जल रहकर व्रत का पालन करती हैं। इस वर्ष यह पर्व एक दुर्लभ संयोग के साथ मनाया जा रहा है, क्योंकि दशकों बाद बंगला भाद्र मास में जितिया का योग बना है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार यह विशेष संयोग अत्यंत शुभ और फलदायक माना जा रहा है। यह पर्व मातृत्व के त्याग, श्रद्धा और संतान के प्रति अपार स्नेह का प्रतीक है, जो भारतीय संस्कृति की गरिमा को दर्शाता है।

### उपायुक्त ने चौपामोड़ से हसंडीहा एवं देवघर से मधुपुर फोरलेन कार्यों में तेजी लाने का दिया निर्देश....

- भू-हस्तांतरण एवं भू-अर्जन से जुड़े मामलों में तेजी लाने की आवश्यकताः-उपायुक्त....





**रिपब्लिक नेशन।** उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में एनएच 133 (चौपामोड़ से हसंडीहा सड़क निर्माण) के कार्यों की समीक्षा में भूमि भू-हस्तांतरण, भू-अर्जन एवं म्यूटेशन से जुड़ी समस्याओं के समाधान को लेकर संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने परियोजना निर्देशक केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय विवेक नंदन से चौपामोड़-हंसडीहा फोरलेन के चल रहे विभिन्न कार्यों की वस्तुस्थिति से अवगत हुए। साथ ही धनबाद स्थित प्रोजेक्ट इंप्लीमेंट यूनिट कार्यालय द्वारा किये जा रहे कार्यों में आ रही समस्याओं के निदान को लेकर संबंधित विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया, ताकि समयानुसार कार्यों को पूर्ण किया जा सके। आगे उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निदेशित किया गया कि जिन परियोजनाओं में राशि उपलब्ध है उन रैयतों को मुआवजा राशि कैम्प लगाकर तत्काल वितरित करें। साथ ही बैठक के दौरान उपायुक्त ने देवघर से मधुपुर फोरलेन कार्य को लेकर संबंधित अधिकारियों व कार्यपालक अभियंता को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया।

## बांसपाहड़ी सड़क हादसे के बाद बवालः मृतक का शव रखकर हाईवे जाम, मुआवजे की मांग पर अड़े ग्रामीण

रिपब्लिक नेशन।





**संवाददाता/जामताड़ा** । गोविंदपुर-साहिबगंज नेशनल हाईवे के अंतर्गत नारायणपुर थाना क्षेत्र के बांसपाहड़ी में शुक्रवार, 12 सितंबर को हुए भीषण सड़क हादसे के बाद शनिवार को तनावपूर्ण स्थिति उत्पन्न हो गई। हादसे में घायल हुए दो युवकों में से एक युवक की धनबाद अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो जाने के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने घटनास्थल पर शव रखकर हाईवे को पूरी तरह जाम कर दिया।गौरतलब है कि शुक्रवार को तेज रफ्तार ट्रक (संख्या JH-10AY-9139) ने बाइक (संख्या JH-21L-7307) को जोरदार टक्कर मार दी थी। इस दुर्घटना में बाइक सवार सुशील मंडल व चंद्रशेखर मंडल गंभीर रूप से घायल हो गए थे। दोनों को तत्काल इलाज के लिए धनबाद अस्पताल भेजा गया था, लेकिन सुशील मंडल ने शुक्रवार को ही दम तोड़ दिया। सुशील मंडल विवाहित थे और उनके छोटे-छोटे बच्चे हैं।मृतक का पोस्टमार्टम धनबाद अस्पताल में कराए जाने के बाद शव को बांसपाहड़ी लाया गया। शव आते ही स्थानीय लोगों का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने हाईवे पर टायर जलाकर व बैरिकेडिंग लगाकर जाम कर दिया। यह जाम दोपहर लगभग तीन बजे शुरू हुआ और देर शाम तक जारी रहा। ग्रामीणों ने कहा कि जब तक मृतक के परिवार को उचित मुआवजा और सरकारी सहायता का आश्वासन नहीं मिलेगा तब तक जाम जारी रहेगा।जाम के कारण हाईवे पर लंबा जाम लग गया और दोनों ओर वाहनों की कतारें लग गईं। स्थिति को देखते हुए नारायणपुर थाना पुलिस, के अधिकारी मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने-बुझाने की कोशिश की। हालांकि, आक्रोशित ग्रामीणों ने कहा कि केवल सांत्वना देने से काम नहीं चलेगा, उन्हें लिखित में मुआवजे का आश्वासन चाहिए।ग्रामीणों ने बताया कि मृतक परिवार का अकेला कमाऊ सदस्य था और उसकी असामयिक मृत्यु से छोटे-छोटे बच्चों का भरण-पोषण करना मुश्किल हो गया है। उन्होंने मांग की कि सरकार व जिला प्रशासन पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा, और बच्चों के भरण-पोषण की गारंटी दे।घटनास्थल पर मौजूद स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी प्रशासन से मृतक के परिवार को त्वरित सहायता देने की मांग की। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि मुआवजा नियमों के तहत दिलाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी और 'हिट एंड रन' नीति के तहत भी सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी। जाम के कारण हाईवे पर लंबी दूरी तक यातायात प्रभावित रहा।

उपस्थित लोगों ने बताया कि मृतक सुशील मंडल का 6 साल का एक लड़का एवं 10 साल की एक लड़की है। वही जिंदगी और मौत से जंग लड़ रही चंद्रशेखर मंडल कर्माटांड़ थाना के दुधानी गांव का रहने वाला है ।जिसका तीन बच्चा है। 9 साल और 11 साल की लड़की एवं 5 साल का एक लड़का है।

उग्र लोगों को समझाने बुझाने के लिए नारायणपुर थाना प्रभारी मुराद हसन,थाना प्रभारी जामताड़ा संतोष कुमार सिंह,करमा टांड़ प्रभारी चंदन कुमार तिवारी,पुलिस अवर निरीक्षक राजेश मंडल , प्रखंड विकास पदाधिकारी देवराज गुप्ता ,प्रतिनिधि वीरेंद्र मंडल,सुरेंद्र मंडल ,सोनू सिंह, महेंद्र मंडल, सहित अन्य लोग मुख्य रूप से शामिल थे । वाहन मालिक के साथ मुआवजे की वार्ता को लेकर जारी रहा , अंत में रविवार को गाड़ी मालिक एवं पीड़ित परिवार और प्रशासन के बीच वार्ता की सहमति बनी , इसके अलावा बीडीओ देवराज गुप्ता ने सभी सरकारी मुआवजा देने की बात कही, जिसके बाद देर शाम लगभग 7 बजे मुआवजे की सहमति के बाद जाम को हटाया गया।

## देवघर एयरपोर्ट पर पुस्तकालय के लिये दान कर सकते है पुस्तकें:- उपायुक्त.....

रिपब्लिक नेशन।



उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिले के विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं के साथ देवघर एयरपोर्ट पर पुस्तकालय की सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त द्वारा जानकारी दी गई कि भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने अखिल भारतीय स्तर पर एसएचए में पुस्तकालय की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए पहल की है, जिसके लिए देवघर हवाई अड्डे को कुछ उपयोगी पुस्तकों के संग्रह की आवश्यकता होगी, जिसके लिए आप सभी के सहयोग की आवश्यकता होंगी।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिले में हवाई यात्रियों की संख्या प्रतिदिन बढ़ रही है। ऐसे में एयरपोर्ट पर ख़ाली बैठे रहने या मोबाईल पर टाईम पास करने के अलावा कोई विकल्प नहीं रहता है। अगर पुस्तकालय की सुविधा उपलब्ध कराई जाए तो हवाई अड्डों पर निःशुल्क पुस्तकालय रहने से यात्रीगण अपना समय पुस्तकों को पढ़ने में लगा सकेंगे। इससे उनका बौद्धिक विकास होगा और समय का सदुपयोग भी होगा। आगे उपायुक्त ने सभी से अपील करते हुए कहा कि देवघर एयरपोर्ट पर बनने वाले पुस्तकालय में किताबें दान करने के लिए प्रेरित करें, ताकि एक बेहतर अनुभव यात्रियों को देवघर एयरपोर्ट पर मिले। साथ ही इस पहल की प्रशंसा करते हुए उपायुक्त ने अपने संग्रह से 05 ज्ञानवर्धक किताबों को अपनी ओर से प्रदान किया।

इस दौरान उपरोक्त के अलावा एयरपोर्ट निर्देशक, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी, चैंबर ऑफ कॉमर्स, रेडक्रॉस सोसाइटी, इनर व्हील क्लब, आरके मिशन, सत्संग आश्रम के प्रतिनिधि एवं विभिन्न समाजसेवी उपस्थित थे।

### उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी ने पर्यावरण संरक्षण के साथ एक पौधा एक वरदान कार्यक्रम को लेकर सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर को किया सम्मानित...

- हमें समाज को केवल प्रभावित नहीं बल्कि प्रेरित करना है:- उपायुक्त ....





**रिपब्लिक नेशन।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा द्वारा राजकीय श्रावणी मेला, 2025 के दौरान जिला प्रशासन के सहयोग से पर्यावरण संरक्षण एवं मानव सेवा के संकल्प के साथ एक पौधा एक वरदान अभियान को लेकर रोटरी क्लब ऑफ देवघर, रेडक्रॉस सोसायटी, विराय फाउंडेशन, यूनाइट फॉर गुड रोटरी के साथ सभी स्वयंसेवी संस्थाओं, समाजसेवी, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर को प्रसस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया।

उपायुक्त ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि राजकीय श्रावणी मेला, 2025 के अवसर पर बाबा बैद्यनाथ धाम आने वाले श्रद्धालुओं को बाबा के पवित्र जल से सिंचित पौधों का निःशुल्क वितरण किया गया है, जो कि सराहनीय कदम है। साथ ही उन्होंने कहा कि समाज को बेहतर दिशा और युवाओं को प्रेरित करने के साथ-साथ समाज को विभिन्न मुद्दों जैसे कि रक्तदान डिजिटल जागरूकता, स्वास्थ्य, शिक्षा, और सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूक करें और सकारात्मक बदलाव की दिशा में कार्य करे। आगे उपायुक्त ने कहा कि हमें समाज को केवल प्रभावित नहीं बल्कि प्रेरित करना है। यह तभी संभव है जब हम ऐसे कंटेंट का निर्माण करें जो समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का कारण बने।

### ईचागढ़ में ग्राम प्रधानों का दो दिवसीय प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन




**ईचागढ़/रिपब्लिक नेशन।** पंचायती राज विभाग, जिला प्रशासन एवं जेआईटीएम स्किल प्राइवेट लिमिटेड के संयुक्त तत्वाधान में ईचागढ़ प्रखंड सभागार में अनुसूचित क्षेत्र की ग्राम सभा के अधिकार एवं जिम्मेदारी विषय पर दो दिवसीय प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन शुक्रवार और शनिवार को किया गया। इस कार्यशाला में 45 ग्राम प्रधानों ने सहभागिता की। कार्यशाला में प्रशिक्षक रंजीत कुमार आचार्य और अनाथ महतो द्वारा ग्राम प्रधान को ग्राम सभा की भूमिका,अधिकार, जिम्मेदारियाँ एवं संवैधानिक प्रावधानों के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया।

## जमुई में बीपीएससी की 71 वीं संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा में 1786 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

- मुकम्मल तैयारी और कैमरे की निगहबानी में हुआ एक्जाम
- डीएम और एसपी रहे चौकन्ना , सुरक्षा का था पुख्ता प्रबंध

रिपब्लिक नेशन।



**जमुई** । बिहार लोक सेवा आयोग की 71 वीं संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा जमुई जिला में 12 केंद्रों पर आयोजित की गई 3170 परीक्षार्थी नामित एक्जाम में शामिल हुए वहीं 1786 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे अंकित एक्जाम शांतिपूर्ण और कदाचार मुक्त माहौल में संपन्न हो गया कहीं से कोई अप्रिय वारदात की सूचना नहीं है जिलाधीश और पुलिस अधीक्षक संयुक्त रूप से स्वच्छ तरीके से परीक्षा संपन्न कराने के लिए सजग और सचेत दिखे जिला कलेक्टर श्री नवीन ने केकेएम कॉलेज मध्य विद्यालय खैरमा कृत्यानंद उच्च विद्यालय मलयपुर समेत कई परीक्षा केंद्रों का अवलोकन करने के बाद बिहार लोक सेवा आयोग की 71 वीं संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा के कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होने की जानकारी देते हुए कहा कि नामित एक्जाम के लिए जमुई जिला में कुल 12 केंद्र बनाए गए थे सभी केंद्रों पर सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया था गठित सेंटर पर प्रवेश के दौरान अभ्यर्थियों की सघन तलाशी ली गई साथ ही एडमिट कार्ड और पहचान पत्र का मिलान करने के बाद ही उन्हें परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति दी गई शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त परीक्षा संचालित किए जाने के लिए सभी केंद्रों पर दंडाधिकारी पुलिस पदाधिकारी के साथ पर्याप्त संख्या में जवानों को तैनात किया गया था बीपीएससी की गाइडलाइंस के मुताबिक दोपहर 12:00 बजे परीक्षा आरंभ हुई और अपराह्न 02:00 संपन्न हो गया निर्धारित समय पर सभी अभ्यर्थियों को परीक्षा कक्ष में प्रवेश कराया गया तीसरी आंख से भी एक्जाम पर नजर रखी गई अभ्यर्थियों को किसी तरह की परेशानी न हो इसका विशेष ख्याल रखा गया दिव्यागजनों के लिए खास व्यवस्था की गई थी सुपर जोनल जोनल और स्थाई दंडाधिकारी बीपीएससी परीक्षा के दरम्यान सजग और सचेत दिखे एहतियातन परीक्षा केंद्र के इर्द-गिर्द फोटो स्टेट की दुकानों को निर्धारित समय तक बंद रखा गया डीएम ने परीक्षा से जुड़े तमाम पदस्थों और कर्मियों को स्वच्छ एक्जाम के आयोजन में सहयोग देने के लिए साधुवाद दिया साथ ही उनके कर्तव्य निष्ठा की तारीफ की है

पुलिस अधीक्षक विश्वजीत दयाल ने कहा कि स्वच्छ तरीके से परीक्षा संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए थे नामित केंद्रों के इर्द-गिर्द सुरक्षा की दीवार खड़ी की गई थी उन्होंने परीक्षा के शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न होने पर संतोष जताया डीपीआरओ वीरेंद्र कुमार वरीय उप समाहर्ता नागमणि कुमार वर्मा आदि ओहदेदार भी शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त परीक्षा संपन्न कराने के लिए चौकन्ना नजर आए उधर अंकित परीक्षा केंद्रों पर सुबह से ही परीक्षार्थियों का जमावड़ा दिखने लगा भारी संख्या में अभिभावक भी दृष्टिगत हुए परीक्षा भवन में प्रवेश के पूर्व तक सभी अभ्यर्थी पठन पाठन में मशगूल नजर आए

## सुलहनीय वादों के निपटान के लिए प्रभावशाली उपकरण है राष्ट्रीय लोक अदालत : जिला जज

- कहा : राजीनामा के जरिए होता है प्रकरणों का समाधान
- आपसी स्नेह से करें वादों का निपटान : श्री नवीन
- त्वरित न्याय के लिए राष्ट्रीय लोक अदालत का लें सहारा : एसपी
- जमुई व्यवहार न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन , वादियों का उमड़ा हुजूम

रिपब्लिक नेशन।




**चुन्ना कुमार दुबे/जमुई** । राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के सौजन्य से और राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने व्यवहार न्यायालय परिसर में स्थित न्याय सदन के प्रशाल में विभिन्न अदालतों में सुलहनीय मुकदमों के निपटान के लिए राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया व्यवहार न्यायालय परिसर में खास अदालत को लेकर विशेष गहमा-गहमी देखी गई जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश संदीप सिंह ने अग्नि ज्योति प्रज्ज्वलित कर राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ करते हुए कहा कि यह अदालत सुलहनीय वादों के निपटान के लिए सबसे प्रभावशाली उपकरण है यहां पक्षकारों को त्वरित और कम खर्च पर अंतिम न्याय दिया जाता है जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने खास अदालत के जरिए लंबे समय तक चलने वाली कानूनी लड़ाई को समाप्त या रोककर वादियों को राहत देने का काम किया है इस अदालत में मामलों के निपटान के लिए लचीला रुख अख्तियार किया जाता है इसके चलते ममलचियों को अल्प समय में अल्प व्यय के साथ त्वरित न्याय मिलता है इससे वे बार-बार कोर्ट की यात्रा करने और मामले के लिए पूरा दिन आरक्षित करने की परेशानी से बच जाते हैं राष्ट्रीय लोक अदालत में सुगम सुलभ और सस्ता न्याय उपलब्ध है वादों के निपटान में पक्षकारों की हार-जीत नहीं होती है इसका फैसला अंतिम और चुनौती रहित है प्रधान जिला जज ने मुकदमेबाजों से उदारता के साथ मामलों का निपटान कराए जाने की अपील की डीएम श्री नवीन ने कहा कि वाद बेवजह तनाव देता है राशि की अपव्यय के साथ मानसिक चैन छीन लेता है। समय की बर्बादी होती है स्नेहिल भाव से दिल मिलाकर प्रकरणों का निपटान करें उन्होंने पक्षकारों से राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ लेने की अपील की पुलिस अधीक्षक विश्वजीत दयाल ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत में बिना खर्च के त्वरित न्याय मिलता है उन्होंने इस अदालत की सफलता के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार को हर संभव सहयोग दिए जाने का ऐलान किया सचिव राकेश रंजन ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलभ न्याय कोई अपील नहीं अंतिम रूप से निपटारा समय और धन की बचत जैसे लाभ मिलते हैं यहां बीमा बिजली वन बैंक श्रम खनन दूरभाष मापतौल उत्पाद वैवाहिक वाद मोटर दुर्घटना एनआई एक्ट राजस्व आदि से संबंधित सुलहनीय प्रकरणों की सुनवाई होती है और उदारता के साथ उसका निस्तारण किया जाता है राष्ट्रीय लोक अदालत में सुनाए गए फैसले की उतनी ही अहमियत होती है जितनी सामान्य अदालत में सुनाए गए फैसलों की होती है उन्होंने वादियों से इस अदालत का लाभ उठाने की अपील की सचिव ने आगत अभ्यागतों के प्रति शालीन भाव से आभार जताया राज्य उद्घोषक डॉ. निरंजन कुमार ने राष्ट्रीय लोक अदालत के उद्घाटन सत्र का मंच संचालन किया और न्यायिक पदाधिकारियों विद्वान अधिवक्ताओं पक्षकारों एवं गणमान्य नागरिकों के प्रशंसा के पात्र बने न्यायिक पदाधिकारी सत्यनारायण शिवहरे प्रभात कुमार श्रीवास्तव पवन कुमार श्री सत्यम अनुभव रंजन भाविका सिंह नाजिया खान मृणाल आर्यन अनिमेष रंजन एहसान राशिद डीपीआरओ वीरेंद्र कुमार नजारत उप समाहर्ता भानू प्रकाश स्टेट बैंक ऑफ इंडिया जमुई के मुख्य प्रबंधक सौरभ कुमार एसबीआई गिद्धौर के प्रबंधक राजुल कुमार एलडीएम लक्ष्मी एक्का जिला विधिज्ञ संघ के अध्यक्ष सीताराम सिंह नगर थानाध्यक्ष अमरेंद्र कुमार कोर्ट कर्मी मुकेश रंजन समेत कई संबंधित अधिकारी अभिभाषक प्रबुद्धजन एवं भारी संख्या में पक्षकार मौके पर उपस्थित थे

## संक्षिप्त समाचार

### शिक्षक - अभिभावक की बैठक संपन्न, दिये गए कई दिशा निर्देश



**तुलसी प्रसाद नावाडीह/रिपब्लिक नेशन।** बोकारो :- बोकारो के नावाडीह प्रखण्ड के ऊपरघाट स्थित गोनियाटो पंचायत के तेतरिया टोला में विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जोहन कुमार मरांडी की अध्यक्षता में शिक्षक - अभिभावक की बैठक शनिवार को संपन्न हुआ` इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है कि विद्यालयों में सहज वातावरण का निर्माण करना, 5 - 18 आयुवर्ग के सभी बच्चों का नामांकन एवं निरन्तर उपस्थिति पर जोर देना` माता पिता एवं अभिभावक को विद्यालय के साथ मिलकर छात्रों के सीखने की प्रक्रिया में सहयोग करना` शिक्षकों के साथ मिलकर बच्चों के लरनिंग गैप को कम करना` माता पिता के साथ बच्चों के शैक्षणिक एवं सह शैक्षणिक विकास हेतु पहल करना` इस मौके पर काशी महतो, उदय टुडू, बबलू मरांडी, चंद्रावती देवी, बबिता देवी, सोमरी देवी, सुमन देवी, संगीता देवी, सुमीता देवी, मिलन्ती देवी पानो देवी, शांति देवी सहित कई लोग शामिल थे`

### साड़म में 17 सितंबर से स्वच्छता हीं सेवा कार्यक्रम की शुरुआत होगी



**गोमिया /रिपब्लिक नेशन।** भारत सरकार एवं राज्य सरकार के द्वारा 17 सितंबर से चलाई जाने वाली स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का शुभारंभ गोमिया प्रखंड के साड़म पंचायत से किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम पूरे प्रखंड में 2 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता सह मद्द निषेध मंत्री योगेंद्र प्रसाद का आगमन होना है। इसी के संबंध में निदेशक, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) और संयुक्त सचिव, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) आकर कार्यक्रम स्थल का जायजा लेने हेतु शनिवार को साड़म पहुंचे। इस दौरान गोमिया बीडीओ महादेव कुमार महतो, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल तेनुघाट,पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल तेनुघाट के सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, जिला समन्वयक एवं राज्य समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) तथा यूनिसेफ सहयोगी टीम भी उपस्थित थे। इस दौरान निदेशक स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के द्वारा कार्यक्रम को लेकर कुछ बिंदुओं पर मार्गदर्शन दिया गया। मौके पर प्रखंड स्तर के कई पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### एजेंटी नहीं देने पर पैसेंजर के साथ मारपीट

**रिपब्लिक नेशन। निरसा।** चिरकुंडा टेंपो स्टैंड में एजेंटी नहीं देने पर पंचेत के पैसेंजर के साथ मारपीट की गई। मंगलसूत्र और रुपए छीन लिया। भुक्तभोगी पंचेत निवासी सरोजिनी मरांडी ने चिरकुंडा थाना में शिकायत दर्ज कराई है। बताया कि बराकर से दूर्गा पूजा का कपड़ा खरीद कर टेंपो रिजर्व कर पंचेत जा रही थी। चिरकुंडा टेंपो स्टैंड में राजा नामक एजेंट और दो अन्य युवकों ने जबरन टेंपो रोककर एजेंटी मांगने लगा। इस दौरान उन लोगों ने छेड़खानी की और पर्स में रखे 3-4 हजार रुपए व मंगलसूत्र छीन लिया। विरोध करने पर भाई उत्पल और देवर के साथ मारपीट करने लगे। मारपीट में भाई का हाथ टूट गया। चिरकुंडा पुलिस ने इस मामले में सोनारडंगाल निवासी असीम उर्फ राजा, पवन कुमार साव, चिकू ठाकुर को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

### नियोजन के लिए गुजरात रवाना किया गया



**रिपब्लिक नेशन। निरसा।** झारखंड सरकार के सहयोग से संचालित मैथन कल्याण गुरुकुल में ट्रेंड छात्रों को शनिवार को नियोजन के लिए रवाना कर विदाई दी गई। मुख्य अतिथि जिला कल्याण पदाधिकारी नियाज अहमद ने छात्रों के वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कल्याण गुरुकुल के प्राचार्य मुकेश कुमार ने कहा कि कल्याण गुरुकुल से अब तक 900 छात्रों को प्रशिक्षण देकर विभिन्न शहरों में रोजगार दे चुका है। 22 छात्रों को गुजरात के पेंटागन नामक कंपनी में रोजगार के लिए भेजा गया। कहा कि 15 सितंबर से गुरुकुल में नामांकन शुरू होगा। इच्छुक लाभार्थी नामांकन करा सकते हैं। मौके पर कल्याण गुरुकुल के अन्य शिक्षक भी मौजूद थे।

### गिरिडीह में जावेद हबीब सैलून ने मनाया अपनी पहली वर्षगांठ

- मुख्य अतिथि मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू द्वारा केक काटकर दी गई बधाई



**रिपब्लिक नेशन। गिरिडीह ।** गिरिडीह शहरी क्षेत्र में बरगंडा स्थित शिवम क्लिनिक के समक्ष रामा कॉम्पलेक्स में संचालित जावेद हबीब सैलून ने शनिवार को अपने संस्थान के एक वर्ष पूरा होने पर स्थापना दिवस समारोह मनाया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू शामिल हुए।

इस दौरान सैलून की संचालक दंपति विनीत भूषण और श्रेया भूषण ने पुष्पगुच्छ देकर मंत्री का स्वागत किया। इसके बाद मुख्य अतिथि के द्वारा केक काटकर सैलून की वर्षगांठ मनाया गया।

इस अवसर पर मंत्री श्री सोनू ने कहा कि जावेद हबीब सैलून बीते एक वर्ष से लगातार गिरिडीह के लोगों को अपनी सेवाएं दे रहा है, जिसके लिए संचालक दंपति बधाई के पात्र हैं। मंत्री ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

मौके पर जेएमएम नेता कृष्णा ठाकुर, सुमित कुमार,टिंकू केसरी, मो हसनैन अली,विनीत भूषण,श्रेया भूषण, डॉ राहुल, साहिल कुमार, रवि रंजन, डॉ नीरज निर्मल, विकास गुप्ता,मनीष कंध्वे,प्रिंस सलूजा समेत शहर के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# दिन-दहाड़े चोरी की वारदातों का पुलिस ने किया खुलासा

## अन्तरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश, पाँच अपराधी गिरफ्तार, लाखों की चोरी हुई बरामद

**रिपब्लिक नेशन।**

बोकारोः जिला में पिछले कुछ महीनों से शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के सरकारी कॉलोनियों में दिन-दहाड़े हो रही चोरी की घटनाओं से लोगों में दहशत का माहौल था। रेलवे कॉलोनी बालीडीह, एक्सप्लोसिव कॉलोनी गोमिया, सिचाई कॉलोनी बीटीपीएस, सीसीएल कॉलोनी दुग्दा, बीसीसीएल कॉलोनी चंद्रपुरा सहित कई क्षेत्रों में दर्जनों घरों में दिन के समय ताला तोड़कर चोरी की वारदातों को अंजाम दिया गया। इन घटनाओं से जुड़े कांडों की गंभीरता को देखते हुए बोका-रो पुलिस अधीक्षक ने एक विशेष अनुसंधान टीम का गठन किया।

विशेष टीम की कार्रवाई में सफलता





पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (बेरमो) के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने मानवीय एवं तकनीकी सूचना के आधार पर अभियान चलाते हुए करीब एक दर्जन से अधिक चोरी की घटनाओं का सफल उद्भेदन किया है। इस कार्रवाई में एक अन्तरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया गया और पाँच अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है।

- **गिरफ्तार अपराधियों के नामः**

राजु अंसारी उर्फ मछलीवाला (मुख्य सरगना) - ग्राम बागदिगी, थाना जोरापोखर, जिला धनबाद (55 से अधिक मामले दर्ज),
फैयाज अंसारी उर्फ गुड्डु अंसारी - धनबाद (25 से अधिक मामले दर्ज),आबिद अंसारी उर्फ धन्नु - धनबाद (19 मामले दर्ज),राहुल कुमार वर्मा - डिगवाडीह, धनबाद,रवि रंगराव शिंदे - सोनापट्टी, झरिया, धनबाद.इन अपराधियों ने न सिर्फ बोकारो, बल्कि धनबाद और पश्चिम बंगाल के पुरुलिया व पश्चिम वर्धमान जिलों में भी चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया है। पूछताछ में खुलासा हुआ कि यह गिरोह सरकारी क्वार्टरों को टारगेट कर दिन के समय ताला तोड़कर चोरी करता था।

- **बरामद सामानः**

3,07,600 नकद,97 ग्राम सोना,1 किलो चाँदी (गलाया हुआ), चाँदी की 15 जोड़ी पायल, 4 जोड़ी बिछिया, सिकरी व 20 सिक्के,2 मोटरसाइकिल,सोना गलाने में उपयोग होने वाला गैस सिलेंडर व पाइप,तराजू, मोबाइल (7 पीस), ताला तोड़ने के औजार आदि.इस पूरे ऑपरेशन में बालीडीह, गोमिया, बीटीपीएस सहित कई थानों के पुलिस अधिकारी एवं सशस्त्र बल की भूमिका सराहनीय रही। विशेष रूप से पु०नि० नवीन कुमार सिंह, पु०नि० पिंकु यादव, पु०अ०नि० रवि कुमार, मनोज कुमार, संदीप कुमार, वीरमणि कुमार सहित तकनीकी शाखा के पुलिसकर्मियों का योगदान उल्लेखनीय रहा।

- **बोकारो पुलिस की अपील**

पुलिस अधीक्षक ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे अपने घरों में सीसीटीवी लगाएं, पड़ोसी से संपर्क बनाकर रखें और घर छोड़ने से पहले सुरक्षा के समुचित उपाय करें। किसी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

## सांसद ने डुमरी प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय में औचक निरीक्षण सह समीक्षात्मक बैठक की

### सांसद ने कहा,प्रखंड और अंचल जनता के लिए बना है तो जनता का काम हो









**रिपब्लिक नेशन।**

**डुमरी (** डुमरी प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में आज शनिवार को गिरिडीह सांसद चन्द्रप्रकाश चौधरी पहुंचे। उन्होंने विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक कर विकास कार्यों के प्रगति की समीक्षा कर लंबित पड़े विकास कार्यों को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया।

इस बैठक में प्रभारी एसडीएम डुमरी सह सरिया बगोदर एसडीएम संतोष गुप्ता, एसडीपीओ डुमरी सुमित प्रसाद, प्रमुख उषा देवी, प्रभारी बीडीओ सह सीओ डुमरी शशिभूषण वर्मा, डुमरी रेफरल अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा राजेश महतो, सांसद प्रतिनिधि छक्कन महतो,आजसू पार्टी की केन्द्रीय महासचिव यशोदा देवी आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

बैठक में प्रखण्ड में संचालित विकास योजनाओं की जानकारी ली गई। वहीं बैठक में स्वास्थ्य,शिक्षा,कानून व्यवस्था की स्थिति पर चर्चा की गई।बैठक के बाद सांसद ने पत्रकारों को बताया कि प्रखंड सह अंचल कार्यालय में पदस्थापित सभी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपनी कार्य का निर्वहन निष्ठा से करने का निर्देश दिया गया है। कहा कि प्रखंड और अंचल जनता के लिए बना है तो जनता का काम हो। कुछ लोगों के कारण कार्यालय बदनाम हो रहा है जो उचित नहीं है। केन्द्र सरकार और राज्य सरकार की जोजनकल्याणकारी योजनाएं चल रही है उसे हर हाल में सभी तक पहुंचना चाहिए। पर पहुंचेगा कब, जब कार्यालय में पदाधिकारी एवं कर्मचारी रहे।

सांसद ने बताया कि उनके औचक निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कार्यालय में पदाधिकारी एवं कर्मचारी अनुपस्थित हैं , इस तरह की लापरवाही कोताही बर्दाश्त नहीं करेंगे। आम जनता के लिए दोनों सरकार काम कर रही है तो कर्मियों को भी जनता तक योजनाओं को पहुंचाना होगा, वह भी समय सीमा के अंदर।

## पिट्स मॉडर्न स्कूल में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन



**गोमिया/रिपब्लिक नेशन।** पिट्स मॉडल स्कूल गोमिया परिसर में शनिवार को एक दिवसीय इन- हाउस कार्यशाला ₹ व्यवसायिक विकास और विकासः कक्षाओं में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस₹ के उपयोग पर एक आंतरिक प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य बृजमोहन लाल दास, रिसोर्स पर्सन नेहा कुमारी और कोर कमेटी के सदस्यों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया। इस कार्यशाला का संचालन प्रियंका सिंहा ने की। पिट्स मॉडर्न स्कूल के लगभग 85 शिक्षक- शिक्षिकां इन-हाउस प्रशिक्षण कार्यशाला में शिरकत की। यहां शिक्षकों का व्यवसायिक विकास और प्रगति पर विचार विमर्श किया गया, जो विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य के लिए तथा ज्ञानवर्धन के लिए मील का पत्थर सिद्ध होगा। रिसोर्स पर्सन ने कहा कि शिक्षकों का व्यवसायिक विकास और प्रगति एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जो शिक्षकों को अपने कौशल और ज्ञान को अपडेट करने और अपने करियर को बेहतर बनाने में मदद करती है। इस सत्र में एआई उपकरणों के आकर्षक प्रदर्शन प्रस्तुत किए गए, जिनमें त्वरित और संरचित प्रस्तुतियों के लिए प्रजेंटेशन एआई समावेशी शिक्षण के लिए टेक्स्ट-टू-स्पीच और पाठ योजना, प्रश्नोत्तरी, रचनात्मक सामग्री और कक्षा गतिविधियों के लिए चैट जीपीटी आदि शामिल थे। विद्यालय के प्राचार्य बृजमोहन लाल दास ने कहा कि शिक्षकों को शिक्षा के मानवीय मूल्यों से समझौता किए बिना, रचनात्मकता और दक्षता बढ़ाने के लिए एआई को एक सहायक उपकरण के रूप में अपनाना चाहिए।

## जिला स्तरीय खेलो झारखण्ड प्रतियोगिता 2025-26 के तहत खेलों के आयोजन

**रिपब्लिक नेशन।**



गिरिडीह : झारखण्ड शिक्षा परियोजना,गिरिडीह के तत्वाधान में दिनांक 12 से 13 सितम्बर 2025 तक आयोजित जिला स्तरीय खेलो झारखण्ड प्रतियोगिता 2025-26 के तहत शनिवार को दूसरे दिन का खेल का आयोजन सर्कस मैदान गिरिडीह/ कारमेल स्कूल मैदान और तेतरिया मैदान में किया गया। प्रतियोगीता में एथेलेटिक्स, खो खो, कब्बड्डी, बोलिबोल, शतरंज तीरंदाजी फूटबाल आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय खेलो झारखण्ड प्रतियोगिता 2025-26,खेल के समापन समारोह में जिला शिक्षा अधीक्षक,गिरिडीह मुकुल राज, एडीपीओ प्रकाश कुमार और विभिन्न खेलो के जिला संघ के प्रतिनिधि उपस्थित थे। खेल में विजयी खिलाड़ियों को मेडल ट्राफी और सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया गया।

आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय प्रशासन,शिक्षकगण एवं जिला शिक्षा विभाग और जिला के फुटबॉल संघ के ऑर्गेनिजिंग चेरमेन नुरुल हुडा एवं जिला के विभिन्न संघ की सराहनीय भूमिका रही।

## गोनियाटो में विधायक ने किया पांच योजनाओं का शिलान्यास व भूमि पूजन





**तुलसी प्रसाद नावाडीह बोकारो /रिपब्लिक नेशन।** बोकारो जिला के नावाडीह प्रखण्ड के ऊपरघाट स्थित गोनियाटो पंचायत में डुमरी विधायक टाइगर जयराम महतो ने पांच योजनाओं का शिलान्यास व भूमि पूजन शनिवार को किया` जिसमें मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना सुदृढ़ीकरण मद से स्वीकृत गोनियाटो स्कूल से बनैहखुटा तक, गोनियाटो मेला टांड से दलकिरो परसाबेडा तक, गोनियाटो मोड़ से कोरिया बेडा तक, गोनियाटो से परसाबेडा तक, विधायक मद से गोवर्धन साव के घर से ट्रांसफर्मर तक पीसीसी पथ निर्माण होगा ।

शिलान्यास होने के बाद एक सभा आयोजित की गई` जिसमें डुमरी विधायक टाइगर जयराम महतो को महिला एवं पुरुषों ने फूलों का माला पहनाकर एवं फूलों का गुच्छे देकर सम्मानित किया` सभा को संबोधित करते हुए डुमरी विधायक ने कहा कि डुमरी विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत जितने भी पंचायत आते हैं सभी पंचायतों के समस्याओं पर मेरा ध्यान रहता है` चाहे रोड की समस्या हो, पानी व बिजली की समस्या हो या कहीं मुआवजा दिलाने की बात हो हम हमेशा तैयार रहते हैं।

पैर फ्रेचर होने के बाद भी मैंने गोनियाटो पंचायत में शिलान्यास किया ।

इस मौके पर जिला सचिव खगेन्द्र महतो, प्रखण्ड सचिव देवनारायण महतो, पंचायत सचिव संतोष महतो, अध्यक्ष कमलेश महतो, संरक्षक निर्मल चंद महतो, विनय कुमार महतो, आनंद स्वरूप, दीपनारायण महतो, अनिल कुमार नायक, पुनम देवी, रिंकी देवी, मीना देवी, वीणा देवी सहित कई लोग उपस्थित थे`

## कोडरमा में बढ़ता जा रहा सायबर अपराधियों का मनोबल, उपायुक्त का बना फेक फेसबुक

**रिपब्लिक नेशन।**

**कोडरमा।** बढ़ता जा रहा साइबर अपराध, आईएएस और आईपीसड अधिकारी भी आ रहे चपेट में उपायुक्त कोडरमा का फर्जी फेसबुक अकाउंट बनाकर की ठगी की जा रही है ।साइबर अपराध की घटनाएं दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही हैं। अब इसका शिकार उच्च पदस्थ अधिकारी भी हो रहे हैं। ताजा मामला कोडरमा जिले का है, जहां उपायुक्त ऋतुराज के नाम से एक फर्जी फेसबुक अकाउंट बनाया गया है।

जानकारी के अनुसार, साइबर अपराधियों ने उपायुक्त कोडरमा के नाम और फोटो का इस्तेमाल कर एक फर्जी प्रोफाइल बनाई है और लोगों से संपर्क कर ठगी की कोशिश की जा रही है।

» उपायुक्त ने खुद जारी की सूचना

उपायुक्त कोडरमा ने इस संबंध में एक आधिकारिक सूचना जारी करते हुए जनता




को सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि इस तरह के किसी भी संदेश या रिक्वेस्ट पर प्रतिक्रिया देने से पहले सत्यता की जांच अवश्य करें। यदि किसी को संदेहास्पद संदेश प्राप्त हो, तो इसकी जानकारी तुरंत पुलिस या साइबर सेल को दें।

» सावधानी है सबसे बड़ा हथियार

इस घटना ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि साइबर अपराधी अब सरकारी अधिकारियों को भी निशाना बना रहे हैं। ऐसे में जरूरी है कि आम लोग सतर्क रहें और किसी भी सोशल मीडिया संदेश पर विश्वास करने से पहले उसकी पुष्टि करें।

जिला प्रशासन ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है और संबंधित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को इस फर्जी अकाउंट की रिपोर्ट की गई है। साथ ही, आमजन से अपील की गई है कि वे ऐसे मामलों में सतर्कता बरतें और किसी भी तरह की ठगी से खुद को बचाएं।कोडरमा पहुँचे आई जी क्रांति कुमार ने भी साइबर अपराध पर लगाम लगाने को लेकर कोडरमा पुलिस को सख्त निर्देश दिए थे।

## मुखिया ने पत्रकार पर झूठे आरोप लगाने व अपहरण की दी धमकी,उपायुक्त को दिया गया पत्र

**रिपब्लिक नेशन।**

**गिरिडीह ।** गिरिडीह जिले में पत्रकारों की सुरक्षा का मुद्दा एक बार फिर गरमाया है। असामाजिक तत्वों एवं अपराधियों के स्थान पर अब जनप्रतिनिधियों ने कलमकारों को धमकी ,मारपीट एवं झूठे केस में फंसाने के प्रयास के मामले सामने आने लगे हैं। निःसंदेह यह स्थिति यदि निर्धारित क्षेत्र में फैलते भ्रष्टाचार के कारण उत्पन्न हो रही हो,तो ऐसा कहने में कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी।

ताजा मामला गिरिडीह के पत्रकार नवीन कुमार निवासी ग्राम बिजलीबथान, थाना बेंगाबाद, का है। उक्त पत्रकार ने गिरिडीह उपायुक्त को आवेदन देकर आरोप लगाया कि मधवाडीह पंचायत के मुखिया मोहम्मद सिद्दी×क अंसारी लगातार उन्हें धमकी दे रहे हैं और झूठे आरोप लगाकर उनकी छवि खराब करने की कोशिश कर रहे हैं । इस घटना की पत्रकार भारती के प्रदेश अध्यक्ष सर्वेश तिवारी ने तीखी भर्त्सना करते हुए जिला प्रशासन से उक्त पत्रकार नवीन कुमार को सुरक्षा उपलब्ध करने तथा मामले की निष्पक्षता पूर्वक जांच कराकर दोषी पर कार्रवाई करने की अपील की है। कहा कि समाज में निःस्वार्थ भाव से पा-रदर्शी कार्य करने वाले पत्रकारों को भयभीत करने का प्रयास बिलकुल सफल नहीं होने दिया जाएगा।




इधर मामले को लेकर नवीन कुमार का कहना है कि गत 7 सितंबर 2025 को उन्होंने खंडोली डैम के पानी के प्रदूषण मामले पर न्यूज़ कवरेज किया था। उस रिपोर्टिंग के दौरान उन्होंने मौके से तथ्य जुटाए और प्लांट संचालक का बयान भी लिया था। इस खबर के प्रकाशित होते ही पंचायत के मुखिया ने उन पर यह आरोप लगाया कि उन्होंने धमकी दी और गिरिडीह रेलवे स्टेशन पर उठवा लेने की बात कही थी। पत्रकार का कहना है कि यह आरोप पूरी तरह निराधार और मनगढ़ंत है।

उन्होंने बताया कि इसके बाद से मुखिया द्वारा उन्हें फोन और अन्य माध्यमों से लगातार धमकियाँ दी जा रही हैं। धमकियों में कहा जा रहा है कि अगर वे इस तरह की खबरें चलाते रहेंगे तो उन्हें जान से मार दिया जाएगा या उठा लिया जाएगा,इससे उनकी व्यक्तिगत सुरक्षा को गंभीर खतरा पैदा हो गया है। उक्त पत्रकार का कहना है कि उन्होंने केवल पत्रकारिता धर्म को निभाते हुए सच्चाई को दिखाने का काम किया है। उनके द्वारा किसी भी प्रकार की धमकी नहीं दी गई,उल्टा उन्हें ही जान से मारने और नुकसान पहुँचाने की धमकी दी जा रही है। उन्होंने साफ कहा कि यदि भविष्य में उनके साथ कोई अनहोनी होती है तो इसकी पूरी जिम्मेदारी पंचायत के मुखिया पर होगी।

मामले को लेकर उन्होंने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कराने और संबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई करने की मांग की । साथ ही उन्होंने अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने की भी गुहार लगाई है, ताकि वे स्वतंत्र रूप से पत्रकारिता का कार्य कर सकें।

# धान अधिप्राप्ति केंद्र को लेकर पैक्स संघ सख्त,सरकारी आदेश की निंदा

## चार जिला के पैक्स अध्यक्ष हुए गोलबंद, आंदोलन की दी चेतावनी

रिपब्लिक नेशन।

**हजारीबाग।** जिले के निर्मल महतो पार्क में हजारीबाग, चतरा, कोडरमा और रामगढ़ जिला पैक्स संघ की संयुक्त बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता गजेंद्र यादव ने की जबकि संचालन गिरधारी महतो ने किया। इस बैठक में सहकारिता विभाग के हालिया निर्देशों का चारों जिलों के पैक्स अध्यक्षों ने भारी विरोध किया है। बता दे कि झारखंड सरकार द्वारा जारी पत्रांक 2413 दिनांक 02 सितंबर 2025 और जिला सहकारिता पदाधिकारी हजारीबाग के पत्रांक 601 दिनांक 06 सितंबर 2025 के आदेशों पर नाराजगी जताई गई है। इन आदेशों में धान अधिप्राप्ति केंद्र संचालन के लिए पैक्स अध्यक्षों से 100 एमटी क्षमता वाले गोदाम पर 24 लाख रुपये तथा 200 एमटी क्षमता वाले गोदाम पर 48 लाख रुपये की बैंक गारंटी की मांग की गई है। पैक्स संघ ने इस शर्त को अनुचित बताते हुए कहा कि यह किसानों और पैक्स संस्थाओं पर अतिरिक्त बोझ डालेगा। जिसकी वजह से किसानों को धान मजबूरन



बिचौलियों के हाथ बेचना पड़ेगा। सरकार नहीं चाहती है कि धान का उचित मूल्य किसानों को प्राप्त हो। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि ऐसी व्यवस्था में हजारीबाग जिले में धान अधिप्राप्ति का कार्य नहीं होगा। साथ ही यह भी तय किया गया कि 16 सितंबर को पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त एवं जिला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपेगा। संगठन सभी अध्यक्षों ने चेतावनी दी है कि यदि मांगों को अनदेखा किया गया तो प्रखंड स्तर पर मशाल जुलूस निकालकर व्यापक आंदोलन किया जाएगा। इस बैठक में हजारीबाग पैक्स संघ अध्यक्ष, बिनोद कुमार ,पैक्स अध्यक्ष कंचन प्रसाद मेहता, राजेश रंजन, पिंटू कुमार, खेमलाल महतो, किशोरी महतो, रंजीत गुप्ता, गजेंद्र यादव, विकाश कृष्ण चंद्र, जागेश्वर मेहता, बब्लू सिंह, संतोष राम, विकाश कुमार राणा, प्रदीप कुमार, राजेश कुमार मेहता, पंकज मेहता, बिनोद कुमार, महेंद्र राम हेमन्त कुमार गोखुल, उपेंद्र कुमार, रंजीत कुमार मेहता, कार्तिक पासवान, कृष्णा यादव, भुनेश्वर साहु, सीताराम कुशवाहा, शिबू कुमार, नागेश्वर महतो, पंकज यादव, अजय यादव, मुकेश कुमार, श्याम यादव समेत चारों जिलों के सैकड़ों पैक्स अध्यक्ष मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### पक्षी तस्करी के मामले में एक को जेल ,112 दुर्लभ पक्षी बरामद

**बरकट्ठा/रिपब्लिक नेशन।** हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर गोरहर थाना क्षेत्र के जीटी रोड पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 112 दुर्लभ प्रजातियों के पक्षी बरामद किए। इनमें विलुप्ति के कगार पर खड़ा ओरिएंटल पाइड हार्नबिल भी शामिल है।



कार्रवाई डीएफओ मौन प्रकाश के नेतृत्व में की गई । मौके से महाराष्ट्र निवासी विनोद गणपत माने को गिरफ्तार किया गया, जो पश्चिम बंगाल से बेंगलुरु तस्करी के लिए पक्षी ले जा रहा था। बरामद पक्षियों को बरही वन विभाग कार्यालय में सुरक्षित रखा गया है। वहीं आरोपी के खिलाफ वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। डीएफओ ने बताया कि इस मामले में किसी अंतरराज्यीय गिरोह की संलिप्तता की भी संभावना है।

### पुलिस की छापेमारी दल ने अवैध रूप से चल रहे शराब भट्ठी को किया ध्वस्त

- 150 किलो जावा, व महुआ बरामद

**बरकट्ठा /रिपब्लिक नेशन।** थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने शनिवार को अवैध शराब के विरुद्ध विशेष छापामारी अभियान चलाकर बड़ी सफलता हासिल की है । पुलिस दल ने कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अल्पिटो एवं सिमरियाटांड़ के जंगली इलाके में छापेमारी की गई। इस दौरान पुलिस ने लगभग 150 किलोग्राम जावा महुआ जब्त किया तथा मौके पर संचालित अवैध शराब निर्माण की भट्ठी को ध्वस्त कर दिया। पुलिस की इस सक्रियता से अवैध कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि अवैध



शराब के धंधे पर पूरी तरह रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। आने वाले दिनों में ऐसे अवैध कारोबारियों पर और भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।स्थानीय लोगों ने थाना प्रभारी एवं पुलिस टीम की इस कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि इससे क्षेत्र में सामाजिक बुराइयों पर अंकुश लगेगा और माहौल स्वच्छ बनेगा।

### अभाविप ने नौ सूत्री मांगों को लेकर प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन।

- ज्ञापन दे विद्यार्थियो के मह्त्वपूर्ण विषयों को उठाया



**अविरल लाल,रिपब्लिक नेशन,।** हजारीबाग, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हजारीबाग के द्वारा मार्खम महाविद्यालय के प्राचार्या को नौ सूत्री मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। जिसमें वृ्रऔर ढ्रमें पूरी तरह से यूनिफॉर्म और परिचय पत्र लागू हो। स्नातक सेमेस्टर 1 और 5 का रिज़ल्ट में सुधार किया जाए। स्नातक,वोकेशनल और ढ्रकोर्स का समय सारिणी जारी किया जाए। वोकेशनल कोर्स का लैब का मांग जल्द पूरा किया जाए (BCA,BMLT) NEP2020 के तहत पुस्तकालय में पुस्तक के व्यवस्था की जाए। महाविद्यालय में मूलभूत सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए जैसे, शौचालय, पेयजल, क्लासरूम की सफाई, आदि। सभी विषय का प्रतिदिन क्लास हो मेजर माइनर, महाविद्यालय में नया विज्ञान भवन बना है जिसकी गुणवत्ता की जाँच कर ही अधिग्रहण करे। महाविद्यालय का वेबसाइट को पुन शुरू किया जाए। इस दौरान अभाविप कार्यकर्ताओं ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् अपने स्थापना काल से ही छात्र हित के प्रति कार्य करते आ रही हैं, वर्तमान समय में मार्कखम कॉलेज में बहुत सारे समस्या है जिससे छात्र छात्राओं को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है।यदि जल्द ही अभाविप के मांगों को पूरा नहीं किया जाएगा तो आंदोलन करने के बाध्य होंगे। मौके पर राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य नवलेश सिंह , विभाग संयोजक बाबूलाल मेहता , कॉलेज मंत्री विवेक यादव, शुभम, सुदेश,अभिषेक मंडल, सुदामा, राजन यादव सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### शिक्षा है राष्ट्र निर्माण की रीढ़

- खतियानी परिवार की मांगः- सभी बच्चों को मिले समान शिक्षा
- सरकारी स्कूलों में पढ़ें मंत्रियों और अफसरों के बच्चे, बने सशक्त शिक्षा नीति

**अविरल लाल,रिपब्लिक नेशन,संवाददाता।** हजारीबाग। खतियानी परिवार का साप्ताहिक बैठक शनिवार को पुराना धरना स्थल के नजदीक अशोक राम की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में केंद्रीय महासचिव मोहम्मद हकीम ने



राज्य में लगातार बिगड़ती शिक्षा व्यवस्था पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षा ही मनुष्य को मनुष्य बनाती है, शिक्षा ही वह आधार है जिस पर चलकर कोई भी व्यक्ति अपने जीवन की मंजिल तक पहुँच सकता है। लेकिन राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र में केवल दिखावा कर रही है। जब झारखंड सरकार पूर्व मुख्यमंत्री के हाथ में थी, तब हजारों विद्यालय बंद कर दिए गए, जिससे गरीब छात्रों का भविष्य अंधकारमय हो गया।

मोहम्मद हकीम ने कहा कि शिक्षा से वंचित समाज अंधकार में जीने को मजबूर है। इतिहास के सभी क्रांतिकारी और युगपुरुषों ने शिक्षा के महत्व को पहचाना और समाज को जागरूक किया। लेकिन आज भी राजनीति में शिक्षा को केवल भाषणों तक सीमित कर दिया गया है। उन्होंने झारखंड के शिक्षा मंत्री से आत्म निवेदन किया कि सर्व शिक्षा अभियान को मजबूती से धरातल पर लागू किया जाए। सरकार ऐसी नीति बनाए जिससे मंत्रियों, अधिकारियों और कर्मचारियों के बच्चे सरकारी विद्यालयों में ही पढ़ें। शिक्षा नीति पर कानून बने और इसे सख्ती से लागू किया जाए। शिक्षा पूर्णतः निशुल्क हो ताकि गरीब परिवारों पर कोई आर्थिक बोझ न पड़े। बैठक में यह भी कहा गया कि बड़कागांव के गोंदल पूरा की जनता लंबे समय से कंपनियों के खिलाफ आंदोलन कर रही है, जो इस बात का संकेत है कि जनता जागरूक है और शिक्षा के महत्व को समझती है। बैठक में केंद्रीय अध्यक्ष बाबू भाई विद्रोही, संरक्षक राम प्रकाश चौधरी, महेश विश्वकर्मा, तनवीर अख्तर, मोहम्मद आशिक, विजय मिश्रा, मोहम्मद फखरुद्दीन, मेघनाथ मेहता, मोहम्मद नसरुद्दीन, आशा देवी, मुन्नी देवी, रामचंद्र राम, रामावतार भगत, अमर कुमार और प्रदीप कुमार मेहता उपस्थित रहे।

## बरकट्ठा में विश्व हिन्दू परिषद की समीक्षा बैठक आयोजित, सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता का दिया संदेश

रिपब्लिक नेशन।

**बरकट्ठा ।** दुर्गा मंदिर में विहिप की बैठक बरकट्ठा मंडल विश्व हिंदू परिषद की एक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया बैठक की जिसकी अध्यक्षता जिला मंत्री अरविंद मेहता संचालन प्रखंड अध्यक्ष भागीरथ प्रसाद ने किया` मुख्य अतिथि
प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह, विशिष्ट अतिथि मठ मंदिर प्रमुख मनोज पांडे, जिला सह मंत्री गुरूदेव गुप्ता, विहिप प्रखंड मार्गदर्शक रामचंद्र चौधरी उपस्थित थे बैठक में मनोज पांडे ने कहा बरकट्ठा एनएच सड़क पर सफाई अभियान चलाकर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत





अभियान 17 सितंबर से 02 अक्टुबर साथ ही आरएसएस के 100 वर्ष पुरा होने के उपलक्षय में सफाई अभियान कार्यक्रम को सफल करना है और भारत देश को स्वचछ बनाना है इसके निमित एन एच आई के द्वारा सभी संसाधन मुहैया करा रही है ,सफाई अभियान चलाकर स्वचछ भारत के सपना को साकार करना है और उन्होने विशवास दिलाया मठ मंदिर के लिए मेरे तरफ से जो सहयोग होगा करेंगे` मोके पर निर्माण एजेंसी के एसबी सिंह, एनएचआई स्थल अभियंता विश्वकर्मा, विहिप उपाध्यक्ष धीरज गूप्ता,सह मंत्री मनोज कुमार, इंद्रजीत प्रसाद, विजय यादव, संजय गुप्ता, रूपेश गुप्ता, दिलीप दास, रतन गुप्ता, सुनील कुमार, पूर्व मुखिया गोपाल प्रसाद, राजकुमार गिरी, अरुण मोदी, सूरज मोदी समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे ।

## विष्णुगढ़ इंटर कॉलेज में आदिवासी कुडमी समाज की प्रखंड स्तरीय संपन्न

**विष्णुगढ़/रिपब्लिक नेशन।** विष्णुगढ़ इंटर कॉलेज में शनिवार को आदिवासी कुडमी समाज की प्रखंड स्तरीय एक आवशयक बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता मानगर प्रकाश पटेल के द्वारा किया गया।जिसमे कुडमी



को आदिवासी के सूची में शामिल करने हेतु रेल टेका डहर छेका अभियान को सफल करने के लिए विशेष चर्चा किया गया। बैठक में सर्वसमिति से निर्णय लिया गया कि रेल टेका डहर छेका अभियान को सफल करने के लिए एक और बैठक आगामी 18 अगस्त दिन गुरुवार को विष्णुगढ़ इंटर कॉलेज में रखी गई है, बैठक में आए सभी मानगर लोगो से अपील किया गया कि अधिक से अधिक संख्या में लोग भाग लेकर बैठक को सफल बनाएं। बैठक में मुख्य रूप से प्रेमचंद महतो, गंगाधर महतो, संतोष महतो, कोलेश्वर महतो, टहल महतो, मुकेश कटीयार, प्रदीप कुमार, टहल महतो, दिलचंद महतो, सुनील कुमार, कैलाश महतो, हरि महतो, जुगल महतो, डीलेश्वर महतो, नागेश्वर महतो, चुरामन महतो, रूपेंद्र महतो, कालेश्वर महतो, रूपलाल महतो, गोविंद महतो, विकास महतो, नागेश कुमार महतो, नारायण महतो, जोधा महतो, बोधलाल महतो एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

## शारदीय दुर्गा पूजा झांकी,पंडाल ग्वाल टोली चौक में दिखेगा आकर्षक

### बंगाल की झलक के साथ ढाक की गूंज में होगी संध्या आरती

अविरल लाल,रिपब्लिक नेशन।

हजारीबागः शारदीय नवरात्र के अवसर पर हजारीबाग शहर के विभिन्न पूजा समितियों की तैयारियाँ जोर-शोर से चल रही हैं। इनमें चर्चित और प्रतीक्षित शारदीय दुर्गा पूजा महासमिति, ग्वाल टोली चौक का पूजा पंडाल इस बार भी श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बनने जा रहा है।
समिति द्वारा जारी जानकारी के अनुसार, इस बार पूजा पंडाल की थीम बंगाल की पारंपरिक शैली पर आधारित होगी। पंडाल



को अनोखे अंदाज में सजाया जा रहा है, जिसमें विद्युत साज-सज्जा से लेकर रंग-बिरंगी लाइटों का विशेष ध्यान रखा गया है। पंडाल की बनावट को देखने से श्रद्धालुओं को बंगाल के प्रसिद्ध पूजा पंडालों की झलक महसूस होगी।
पूजा समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि इस बार मां दुर्गा की प्रतिमा भी बंगाल की तर्ज पर विशेष रूप से तैयार की जा रही है, जो भक्तों को भक्ति और आस्था की अलग अनुभूति कराएगी। वहीं, प्रतिदिन संध्या आरती का मुख्य आकर्षण रहेगा बंगाल से आए ढाक वादकों का वादन, जिसकी गूंज पूरे चौक और आसपास के इलाके में भक्तिमय वातावरण का निर्माण करेगी। समिति के सदस्यों ने बताया कि श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था और भीड़ प्रबंधन के लिए भी विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। पंडाल परिसर को सुव्यवस्थित रखने और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए स्वयंसेवक तैनात रहेंगे।
हर वर्ष की तरह इस बार भी ग्वाल टोली चौक का पंडाल न केवल हजारीबाग बल्कि आसपास के क्षेत्रों से आने वाले श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनेगा। नवरात्र के दिनों में यहां भक्तों का तांता लगा रहेगा और पूरा माहौल भक्ति और उत्साह से सराबोर होगा।

## गाली में जितिया पूजा एवं मेला को लेकर ग्रामीणों की बैठक, कमेटी गठित

**बड़कागांव /रिपब्लिक नेशन।** बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत गोंदलपुरा पंचायत स्थित सुदूर ग्रामीण क्षेत्र गाली गांव में जितिया पूजा एवं मेला आयोजन करने को लेकर ग्रामीणों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता विवेक रावत एवं संचालन फलेंद्र गंझु ने किया। बैठक में विगत वर्षों की



भांति इस वर्ष भी धूमधाम से जितिया पूजा करने एवं मेला का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विधायक रोशन लाल चौधरी, विशिष्ट अतिथि प्रमुख फुलवा देवी,मुखिया बासुदेव यादव उपस्थित रहेंगे। वहीं कमेटी गठन में फलेंद्र गंझु को अध्यक्ष, गिरजा भुईंया सचिव, टिकेश्वर गंझु को कोषाध्यक्ष बनाया गया वहीं जेठीयत में बंधु गंझु, पाहन ललित भुईंया, को बनाया गया है तथा समिति सदस्य में अनूप कुमार ,अवधेश कुमार ,विवेक रावत, प्रमोद कुमार, प्रेम कुमार, दिलीप राम ,मनोज गंझु ,रंजीत कुमार ,पवन कुमार, सीताराम, राजन कुमार को बनाया गया है। विवेक रावत ने कहा कि गाली गांव में विगत कई वर्षों से जितिया पर्व के मौके पर विशाल मेला का आयोजन होता है जिसमें कई गांव के लोग शामिल होते हैं।

## कर्णपुरा महाविद्यालय में विद्यार्थियों द्वारा भव्य गुरु सम्मान समारोह का आयोजन

रिपब्लिक नेशन।

**बड़कागांव।** कर्णपुरा महाविद्यालय, बड़कागांव में शनिवार को एक भव्य गुरु सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षकों की गरिमा, समाज में उनके योगदान तथा विद्यार्थियों के भविष्य-निर्माण में उनकी महत्त्वपूर्ण भूमिका को सम्मानपूर्वक रेखांकित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कीर्तिनाथ महतो ने की। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया।
इस अवसर पर महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के वरिष्ठ एवं सेवानिवृत्त शिक्षकों को अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ तथा स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों



ने अपने गुरुजनों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए भावनात्मक शब्दों में अर्पित की। समारोह में उपस्थित मुख्य अतिथि ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा, ₹शिक्षक केवल ज्ञान का प्रदाता ही नहीं होता, बल्कि समाज का मार्गदर्शक भी होते है। ऐसे आयोजनों से शिक्षकों का मनोबल बढ़ता है तथा युवा पीढ़ी को अपने संस्कारों से जुड़ने की प्रेरणा मिलती है।₹ प्रो.फजरूद्दीन अहमद ने समारोह के सफल आयोजन के लिए आयोजन समिति, शिक्षकों, कर्मचारियों तथा छात्र-छात्राओं को धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय भविष्य में भी ऐसे प्रेरणास्पद कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक प्रतिनिधि डॉ. निरंजन प्रसाद नीरज, प्रो. सुरेश महतो, प्रो. फजरुद्दीन, प्रो. नरेश कुमार दांगी, डॉ. अनु कुमारी, प्रो. ऋतुराज, प्रो. रंजीत प्रसाद, डॉ. ललिता कुमारी, प्रो. लालदेव महतो, डॉ. पवन कुमार, डॉ. चंद्रशेखर राणा, प्रो. रामकिशोर प्रसाद दांगी, लेखापाल डॉ. सनवीर कुमार, नेमधारी राम, अनिता देवी, चंचल प्रसाद मेहता, धनेश्वर महतो, धनु प्रसाद, अंजना कुमारी, जयमनी देवी, मालती देवी सहित अन्य कर्मचारी एवं सैकड़ों छात्र-छात्राएँ उपस्थित थे ।

## पूर्व मंत्री सह पूर्व सांसद जयंत सिन्हा ने अवधेश पाठक के निधन पर उनके परिवार से मिलकर बंधाया ढ़ाढस

**टाटीझरिया(हजारीबाग)/रिपब्लिक नेशन।** प्रसिद्ध ज्योतिषज्ञ, कर्मकांडी,धर्म के ज्ञाता पंडित अवधेश निर्मलेश पाठक जी की असामयिक निधन से मैं काफी मर्माहत हूं। वे मेरे गुरु थे,उनके ही निर्देश पर मैं काम करता था।उनके निधन की



खबर सुना तो विश्वास ही नहीं हुआ।हजारीबाग आते ही मैं यहां पहुंचा। उक्त बातें पूर्व केंद्रीय मंत्री सह पूर्व सांसद जयंत सिन्हा ने कहा। वे श्री पाठक के पैतृक घर पहुंचकर शोकाकुल परिवार से मिले और सांत्वना दिया। उन्होंने उनकी पत्नी निर्मला देवी ,बेटा आलोक पाठक,अभिषेक पाठक,बेटी संगीता कुमारी को ढ़ाढस बंधाया। वे काफी देर तक उनके कृति -ख्याति का विश्लेषण कर अफसोस जाहिर किया। इस मौके पर उनके साथ वरिष्ठ भाजपा नेता मिथिलेश कुमार पाठक ,विपिन कुमार सिन्हा,विजय सिंह,रोहित बर्मन,संतोष मिश्रा,राजू यादव, उपेंद्र पांडेय,रजनीकांत चौधरी,पंकज मंडल,ज्योतिष पंडा,विनय पांडेय,ब्रज किशोर सिंह,ब्रजनंदन पाठक,प्रिंस सिंह,हिमांशु कुमार समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## रंजन चौधरी की कलम सेः झारखंड की गाँवों की मिट्टी में एक पवित्र परंपरा है छठीयारी की रस्म, इसी से होती है शिशु के एक नए जीवन की शुरुआत...

अविरल लाल,रिपब्लिक नेशन।

झारखंड के गाँवों की मिट्टी में आज भी प्राचीन भारतीय संस्कृति की जड़ें बेहद गहरी हैं और ऐसी प्राचीन परंपराएं जीवित है जो भारतीय संस्कृति की धरोहर को संजोए हुए हैं।
यहाँ की कई परंपराएँ सदियों से चली आ रही हैं, जिनमें से एक है नवजात शिशुके जन्म के छठे दिन मनाई जाने वाली ₹छठियारी की रस्म₹। यह एक ऐसा पवित्र संस्कार है जो किसी भी परिवार में नवजात शिशु के जन्म के छठे दिन मनाया जाता है। यह सिर्फ एक उत्सव नहीं, बल्कि शुद्धता, श्रद्धा और अटूट विश्वास का प्रतीक है, जो ग्रामीण जीवन की सादगी और संपन्नता को बखूबी दर्शाता है। इसे लोग अपने सामर्थ्य के अनुसार मानते हैं लेकिन इसकी सादगी और पवित्रता हर जगह एक जैसी होती है।
छठियारी समारोह की शुरुआत बेहद सादगीपूर्ण तरीके से से होती है। परिवार अपनी आर्थिक स्थिति के अनुसार इस उत्सव को मनाते हैं, लेकिन इसके रस्मों में कोई कमी नहीं होती। यह पूरा आयोजन शुद्धता और श्रद्धा से परिपूर्ण होता है। इस दिन पूरा गाँव एक साथ आता है, जिससे आपसी सद्भाव और प्रेम की भावना और भी मजबूत होती है। समारोह के दौरान झारखंडी पारंपरिक मंगल गीत-संगीत से





पूरा माहौल जीवंत हो उठता है। ये कर्णप्रिय धुनें वातावरण को उत्सवमय बना देती हैं और सामूहिक नृत्य से लोग खुशी का इजहार करते हैं। इस दिन विशेष रूप से शुद्ध शाकाहारी भोजन का सामूहिक आयोजन होता है, जिसका सभी मिलकर आनंद लेते हैं। समारोह के दौरान सरसों का तेल और मिठाई बाँटने की भी परंपरा है, जो इस खुशी को सबके साथ बाँटने का प्रतीक है।
छठियारी का दिन शिशु के जीवन की एक नई शुरुआत का प्रतीक है। इस दिन कई महत्वपूर्ण रस्में निभाई जाती हैं। जिसमें सदियों से गाँव के समाज की सेवा कर रही दाई जिसे कुसराइन भी कहते हैं। ढोल-ढाक वादन के बीच नवजात को पहली बार स्नान कराती है। वह शिशु को बुरी नजर से बचाने के लिए कई तरह के पारंपरिक टोटके भी करती है। फुफ़ा द्वारा शिशु की आँखों में काजल लगाने की परंपरा है, जिससे माना जाता है कि शिशु को किसी की बुरी नजर नहीं लगेगी और वह स्वस्थ रहेगा। नाई परिवार के सदस्यों के बाल और नाखून काटकर उन्हें शुद्ध करता है जो इस शुभ अवसर पर शुद्धिकरण का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस दिन पहली बार गाँव के लोग नवजात को देखते हैं और उसे मुँह-दिखाई देते हैं। बड़े-बुजुर्ग शिशु को आशीर्वाद देते हैं और उसके लंबे उम्र, स्वस्थ और यशस्वी जीवन की कामना करते हैं। इसी दिन शिशु का नामकरण भी किया जाता है, जिससे समाज में उसकी पहचान स्थापित होती है। इस दिन के बाद ही शिशु को नए कपड़े पहनाए जाते हैं और उसके आंखों में काजल लगाकर उसके श्रृंगार की शुरुआत की जाती है। छठियारी सिर्फ एक रस्म नहीं बल्कि यह गाँव के लोगों के बीच अटूट विश्वास, प्रेम और आशा को मजबूत करने वाली एक जीवंत परंपरा है। छठियारी की रस्म या परंपरा ग्राम्य जीवन में रिश्तों की मजबूती को प्रगाढ़ करता है और नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़कर जीवन में हर खुशियों को सामूहिक रूप से साझा करने को प्रेरित करता है।

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार में बम विस्फोट की धमकी पर , 48वीं वाहिनी ररइ के डॉग स्क्वॉड ने की रेलवे स्टेशन की सघन तलाशी त्वरित कार्रवाई में स्थिति सामान्य



**रिपब्लिक नेशन**। जयनगर रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार को जी.आर.पी. थाना प्रभारी को उच्च मुख्यालय से पत्र के माध्यम से सूचना प्राप्त हुए कि बिहार में बम ब्लास्ट की घटना की जा सकती है ।ऋ्ढ के अनुरोध पर 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, जयनगर के कमांडेंट श्री गोविंद सिंह भंडारी ने तत्काल गंभीरता दिखाते हुए वाहिनी की विशेष डॉग स्क्वॉड टीम को उनके हैंडलर सहित रेलवे स्टेशन भेजा। टीम ने मौके पर पहुँचकर जी.आर.पी. पुलिस के साथ मिलकर प्लेटफार्म, यात्री प्रतीक्षालय, टिकट काउंटर और आसपास के क्षेत्रों में सघन तलाशी अभियान चलाया।करीब दो घंटे तक चली गहन तलाशी के बाद कोई भी संदिग्ध वस्तु अथवा सामग्री नहीं पाई गई और रेलवे स्टेशन को सुरक्षित घोषित कर दिया गया। तलाशी पूरी होने के बाद यात्रियों और आमजन को आश्वस्त किया गया कि घबराने की आवश्यकता नहीं है।इस अवसर पर 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, जयनगर के कमांडेंट श्री गोविंद सिंह भंडारी ने कहा की हालांकि यह सूचना केवल एक अफवाह साबित हुई, लेकिन सुरक्षा को लेकर 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, जयनगर कभी समझौता नहीं करती। जनता और सीमा क्षेत्र की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। हम हर परिस्थिति में तुरंत, दमदार और निर्णायक कार्रवाई करने के लिए सदैव तत्पर हैं। यही हमारी प्रतिबद्धता और यही हमारी ताकत है।''

### बेनीबाद`14 सितंबर को भटगामा_मधुरपट्टी नाव हादसे के शहीदों को दी जाएगी श्रद्धांजलि




**दीपक कुमार ।गायघाट / रिपब्लिक नेशन**। शहीद पिन्टू सहनी सामाजिक संस्थान की ओर से भटगामा मोड़, बेनीबाद केवटसा चौक के पास 14 सितंबर 2023 को हुए भटगांवाझ्रमधुरपट्टी नाव हादसे के शहीदों की याद में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन को लेकर ग्रामीणों से राय ली गई है और लोग तैयारी में पूरी तन्मयता से जुटे हुए हैं।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी डॉ. ब्रह्मानंद सहनी होंगे। वहीं, शहीद जुब्बा सहनी शोध सेवा संस्थान दरभंगा के प्रतिनिधियों के भी शामिल होने की संभावना जताई जा रही है।

गौरतलब है कि इस नाव हादसे ने पूरे देश का ध्यान खींचा था, जिसमें कुल 13 लोगों की जान गई थी। हादसे के बाद ग्रामीणों ने शहीद पिन्टू सहनी को जीवन रक्षक पदक देने और दुर्घटनास्थल पर पुल निर्माण की मांग उठाई थी। इन मांगों के समर्थन में डॉ. ब्रह्मानंद सहनी और उनके सहयोगियों ने कई बैठकों का आयोजन भी किया था।

ग्रामीण मोहम्मद दानिश, महेश कुमार, दिनेश कुमार, समाजसेवी अखिलेश सहनी, राजगीर कुमार, सकीन्दर राय समेत कई लोग इस कार्यक्रम की तैयारियों में जुटे हैं। समाजसेवी लालू प्रसाद निषाद ने कहा कि ''यह श्रद्धांजलि कार्यक्रम सिर्फ मृतकों को याद करने का अवसर नहीं, बल्कि लोगों की सुरक्षा और जनहित के सवालों को सरकार तक पहुंचाने का माध्यम भी बनेगा।''

### जयनगर बस्ती में दुर्गापूजा का आयोजन की तैयारी शुरू



**रिपब्लिक नेशन**। मधुबनी जिला के जयनगर प्रखंड के बस्ती पंचायत स्थित बिहार के सबसे ऊंचा दुर्गा मंदिर में शारदीय नवरात्र की तैयारी शुरू हो गई है।विगत 97 वर्षों से यहां दुर्गा पूजनोत्सव किया जा रहा है। पूजा समिति की ओर से इसकी तैयारी की जा रही है मंदिर परिसर में पंडाल निर्माण किया जा रहा है। यहां दर्शनार्थियों की भारी भीड़ होती है।अगल बगल के क्षेत्रों से भी काफी संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने के लिए आते हैं। यहां बलि प्रदान एवं खोंइचा भरने वाले श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन के द्वारा अतिरिक्त सुरक्षा बल दिए जाते हैं जिसमें महिला व पुरुष बल शामिल रहते हैं।पूजा समिति के सदस्यों ने बताया कि पूजा के आरंभ होने से पहले हर गतिविधि पर नजर रखने को लेकर सीसीटीवी कैमरा लगाया जाता है इस दौरान सीसीटीवी के माध्यम से हर ओर नजर रखी जाती है। पूजा के दौरान पूरे मेला परिसर में शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर समिति के लोगों के साथ पूरे क्षेत्र के लोग जागरूक होकर पूजा में सक्रिय रहते हैं।यह दुर्गा मंदिर काफी पुराना है एवं यहां सभी ग्राम वासियों के सहयोग से माता की पूजा अर्चना की जाती है। सदस्यों ने बताया कि यहां दाताओं की ओर से महा प्रसाद का वितरण किया जाता है। मंदिर पर नवरात्र के दौरान महाप्रसाद व कन्या भोजन का विशेष महत्व रहता है।

### नेपाल की परिस्थिति को लेकर जयनगर में आपदा प्रबंधन सह जन संवाद कार्यक्रम आयोजित

- **शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील, अफवाहों से सतर्क रहने का निर्देश**



**रिपब्लिक नेशन**। नेपाल की वर्तमान परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए भारत-नेपाल सीमा पर स्थित जयनगर प्रखंड के टीपीसी भवन में शनिवार को एक आपदा प्रबंधन सह जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जयनगर प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीड-ीओ) डॉ. राजीव रंजन ने की।बैठक में दो राष्ट्रों की सीमाओं पर स्थित जयनगर प्रखंड के सभी नगरों एवं ग्रामों के आम नागरिकों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई। बीडीओ डॉ. रंजन ने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें, और यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति नजर आए तो स्थानीय थाना या एसएसबी को तुरंत सूचना दें।सोशल मीडिया पर नियंत्रण रखने एवं उस पर फैलने वाली अफवाहों की निगरानी के लिए विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने कहा, ''राष्ट्र की एकता और अखंडता बनाए रखने की जिम्मेदारी हम सभी की है।बैठक में उपस्थित डीएसपी राघव दयाल ने भी सुरक्षा संबंधी तैयारियों की जानकारी दी और लोगों से सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्र में किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पुलिस-प्रशासन पूरी तरह सतर्क है।कार्यक्रम में सीओ अखिलेश चौधरी, नगर पंचायत जयनगर के मुख्य पार्षद कैलाश पासवान, वार्ड सदस्य संघ के अध्यक्ष सुरेश यादव, आरएएफ के डिप्टी कमांडेंट अभिषेक कुमार सहित कई अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

सभी मीडिया कर्मियों और जनप्रतिनिधियों से अनुरोध किया गया कि वे राष्ट्र की सुरक्षा में अपनी भूमिका निभाएं और समाज में सौहार्द बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें।

# रांची में इको फ्रेंडली होगा स्वर्ण जयंती क्लब का दुर्गा पूजा पंडाल

**एजेंसी। रांची**



राजधानी रांची में दुर्गा पूजा को लेकर एक से बढ़कर एक पंडालों का निर्माण किया जा रहा है। इसी क्रम में शहर के बरियातु हाउसिंग कॉलोनी के स्वर्ण जयंती क्लब दुर्गा पूजा समिति इस बार इंको फ्रेंडली पंडाल का निर्माण करवा रहा है। समिति के कार्यकारी अध्यक्ष सत्यम सत्यदर्शी ने शुक्रवार को बताया कि त्रिनयनी की थीम पर पंडाल बनाया जा रहा है। त्रिनयनी देवी दुर्गा का एक स्वरूप है, जिनके तीन नेत्र सूर्य, चंद्र और अग्नि के प्रतीक हैं। वे शरद ऋतु में दस भुजाओं के साथ अवतरित होकर भक्तों को आशीर्वाद देती हैं। यह रूप आस्था, आंतरिक दृष्टि और शुभता का प्रतीक है। इसी को पंडाल में दर्शाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस पंडाल को जगतनाथ दास बना रहे हैं, जो मेदनीपुर बंगाल के निवासी हैं। पंडाल को बनाने में मिट्टी के दीयों और चिलम का इस्तेमाल किया गया है। इसे बनाने में 4 ट्रक सामान इस्तेमाल किया जा रहा है। रात-दिन 25 पुरुष और 10 महिला कारीगर इसे बनाने में जुटे हुए हैं। 52 फीट का गेट इसका आकर्षण का केंद्र होगा। इसमें मैकेनिकल लाइटिंग भी खास होगी।

कार्यकारी अध्यक्ष बताया कि पंडाल निर्माण में स्वदेशी सामान का इस्तेमाल किया गया है। माँ के दरबार से एक खास संदेश भी दिया गया है,' स्वदेशी अपनाओ, भारत को बढ़ाओ'। उन्होंने बताया कि पंडाल की ऊंचाई 50 फीट, चौड़ाई 60 फीट होगी। पंडाल पर 15 लाख रुपये खर्च होंगे। जबकि मूर्ति पर दो लाख, लाइटिंग में 3 लाख, साउंड में 70 हजार, प्रसाद व भंडारा में 8 लाख कुल 28,70,000 रुपये लगेंगे। सत्यम सत्यदर्शी ने बताया कि अष्टमी को महाआरती का आयोजन किया जाएगा। गंगा की तर्ज पर बनारस से आए हुए पुरोहितों की ओर से आरती का आयोजन मुख्य आकर्षण का केंद्र बनेगी। सप्तमी फल प्रसाद, अष्टमी खीर, नवमी खिचड़ी, दशमी को भंडारा का आयोजन किया जाएगा। बच्चों के लिए जंपिंग झूला और मिकी माउस भी लगाया जाएगा। पूजा को लेकर समिति के सदस्य जोर –शोर से लगे हुए हैं।

### जितिया पर्व को लेकर कमला नदी में स्नान करने के लिए उमरी श्रद्धालुओं की भीड़।



जीवित पुत्रिका व्रत को लेकर जयनगर के कमला नदी के घाट पर भी शनिवार की अहले सुबह से ही महिलाएं कमला स्नान को लेकर अपने परिवारों के साथ पहुंच रही है। वह कमला स्नान कर रही महिलाएं कमला स्नान कर भगवान जीत मोहन का श्रद्धा पूर्वक पूजा अर्चना किया।।कल रविवार को 24 घंटे का निर्जला उपवास रखेगी। इसके बाद वो सोमवार को व्रत तोड़ेगी। व्रतियों ने बताया की आज नहाय खाय को लेकर व्रतियां कमला स्नान करती है उसके बाद भोजन करती है। कई प्रकार के पकवान भी बनते है। तीन दिनों तक चलने वाला इस महाव्रत में पहला दिन सप्तमी को नहाय खाय, दूसरे दिन अष्टमी को जिउतिया निर्जला व्रत रख कथा का श्रवण करती और नवमी को पराण किया जाता है। उन्होंने बताया कि जितिया व्रत संतान की लंबी उम्र और मंगल कामना के लिए माताएं महाव्रत रखती है। तीन दिनों तक चलने वाला महाव्रत का शुभारंभ नहाय खाय के साथ शुरू होता है।इसमें माताएं अहले सुबह उठ स्नान और पूजा पाठ करती है। साथ ही इस दिन कमला स्नान का भी बड़ा महत्व है। जिसका घर कमला के किनारे होता वो तो कमला स्नान करती है। पर दूर दराज के लोग भी कमला स्नान को लेकर इस दिन कमला घाटों पे पहुंचते है। वही जितिया पर्व को लेकर बाजारों में भी खरीदारी करने को लेकर दुकानों में काफी भीड़ लगी हुई है।श्रद्धालुओं ने कमला स्नान और पर्ण कुटी मंदिर में पूजा अर्चना के बाद जल लिया और अपने अपने घर के लिए प्रस्थान कर गए। सड़क मार्ग से कमलास्नान के लिए पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों से एनएच सड़क के दोनों किनारे वाहनों की लंबी कतार लगी हुई थी।

### प्रदेश में दोनो अध्यक्ष जब एक होंगे तभी टाटीझरिया प्रखंड में प्रखंड अध्यक्ष का चुनाव करेंगे : ब्राह्मण संघ

- **पूर्व चयनित प्रखंड अध्यक्ष उमेश पांडेय और पदाधिकारी गण ही करेंगे कमिटी का संचालन**



**टाटीझरिया (हजारीबाग)/रिपब्लिक नेशन**। टाटीझरिया ब्राह्मण संघ की प्रखंड स्तरीय बैठक झरपो देवी मंदिर प्रांगण में रामलखन पांडेय की अध्यक्षता में की गई। जिसका संचालन महेंद्र पंडा ने किया। इस बैठक में झरपो ,अमनारी , खैरा ,बोधा ,डूमर और खैरिका के ब्राह्मण उपस्थित थे ।बैठक की शुरुआत शांति पाठ के साथ किया गया ।बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रखंड के ब्राह्मण समाज पहले से एक थे और एक ही रहेंगे । सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 14 सितंबर दिन रविवार को होने वाले समाज के प्रखंड अध्यक्ष का चुनाव स्थगित किया जाता है। सुखदेव पांडेय ने कहा कि जब तक दोनों प्रदेश अध्यक्ष एक नहीं हो जाते है तब तक चुनाव नहीं करवाया जाएगा । तब तक प्रखंड अध्यक्ष का दायित्व उमेश पांडेय और चयनित पदाधिकारी ही संभालेंगे। उनके बातों का ब्राह्मण समाज ने समर्थन किया। उपेंद्र पांडेय और ज्योतिष पंडा ने कहा कि दोनों को मिलाने का शंखनाद टाटीझरिया ब्राह्मण समाज से ही होगा। हमलोग दोनों मिलकर दोनों प्रदेश अध्यक्ष से बात करेंगे और एक करने का प्रयास करेंगे । तब तक समाज की और से निर्देश दिया गया कि प्रखंड अध्यक्ष 3-- 3 महीना में बैठक करवाएंगे यदि बैठक नहीं करवाते है तो बीच में ब्राह्मण समाज बैठकर ने अध्यक्ष का चुनाव कर कमिटी का गठन करेंगे ।बैठक में उमेश पांडेय महेश पांडेय उपेंद्र पांडेय ,मनोज पांडेय ,ज्योतिष पंडा ,कोलेशवर मिश्रा अजय पांडेय विनय पाण्डेय ,अनंत पांडेय,जगदीश पांडेय, सुखदेव पांडेय ,रामचंद्र पंडा,गंगाधर पंडा,सुबोध पंडा सुधीर पंडा, अशोक पांडेय ,रामानंद पांडेय ,विकास मिश्रा ,सत्यानंद पांडेय अरुण पाण्डेय,पप्पू पांडेय अरविंद पांडेय शानू पंडा ऋषि पंडाः संजय पांडेय सचिन पांडेय अरुण पंडा सहित अन्य ब्राह्मण समाज उपस्थित थे

## डीडीसी ने 'पलाश वेंडिंग मशीन' और 'आजीविका ग्रामीण एक्सप्रेस-वे योजना' का किया शुभारंभ

**एजेंसी। रांची**



झारखंड राज्य आजीविका संवर्धन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) के तत्वावधान में शुक्रवार को रांची के उप विकास आयुक्त (डीडीसी) सौरभ कुमार भुवनिया ने 'पलाश वेंडिंग मशीन' और 'आजीविका ग्रामीण एक्सप्रेस-वे योजना' का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने दो मालवाहक वाहनों को हरी झंडी दिखाकर योजना का औपचारिक उद्घाटन किया। 'पलाश वेंडिंग मशीन' का उद्देश्य स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की दीदियों द्वारा निर्मित कृषि एवं घरेलू उत्पादों को सीधे उपभोक्ताओं तक पहुंचाना है। इस पहल से ग्रामीण महिलाओं की आय में वृद्धि होगी और उपभोक्ताओं को ताजे एवं गुणवत्तापूर्ण उत्पाद उपलब्ध होंगे।

'आजीविका ग्रामीण एक्सप्रेस-वे योजना' के तहत सुदूरवर्ती क्षेत्रों में यातायात सुविधा उपलब्ध कराते हुए ग्रामीण उत्पादों को बाजार से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। शुभारंभ किए गए मालवाहक वाहन सखी मंडलों को नए रोजगार अवसर प्रदान करेंगे और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाएंगे। उप विकास आयुक्त ने मरधान और तामाड़ आजीविका संकुल संगठन की दीदियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह योजना ग्रामीण महिलाओं के लिए आत्मनिर्भरता की ओर एक नया द्वार है। नियमित संचालन और पारदर्शी प्रबंधन से उनकी आय में वृद्धि होगी। वे बाजार में अपनी मजबूत पहचान बना सकेंगी।

इस अवसर पर डीआरडीए निदेशक सुदर्शन मुर्मू, डीपीओ मनरेगा, डीपीएम रांची निशिकांत नीरज, जिला प्रबंधक (स्किल), डीएमएमयू स्टाफ, तामाड़ प्रखंड के बीपीएम, मरधान और तामाड़ संकुल संगठनों की दीदियां तथा अन्य गणमान्य मौजूद थे।

## प्रेम ही भगवान तक पहुंचने का सच्चा मार्ग : चैतन्य मीरा

**एजेंसी। रांची**



अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला मंच की ओर से आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन शुक्रवार को भक्ति और आनंद का अनोखा संगम देखने को मिला। कथा वाचन के दौरान मां चैतन्य मीरा ने रुक्मणी विवाह, महारास और उद्धव-गोपि संवाद का मार्मिक वर्णन कर श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। कथा के प्रारंभ में संस्था की सदस्यों ने आरती उतारी। इसके बाद गुरु मां ने ध्यान और योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जीवन में तनाव और गृह क्लेश का एकमात्र समाधान प्रेम है। परिवारों में प्रेम की कमी ही दूरियों का कारण बनती है। उन्होंने गोपियों के भक्ति भाव का उल्लेख करते हुए बताया कि ज्ञान से श्रेष्ठ प्रेम है, क्योंकि प्रेम ही भगवान तक पहुंचने का सच्चा मार्ग है। कथा के अंत में रुक्मणी हरण और विवाह की झांकी प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर मंच ने एक जरूरतमंद जोड़े का विवाह संपन्न कराया और उन्हें गृहस्थ जीवन के लिए आवश्यक सामग्री और उपहार दिया। मौके पर भक्तों ने मंगल गीत गाए और नृत्य के साथ आनंद उत्सव मनाया। कार्यक्रम में नीरा बथवाल, रूपा अग्रवाल, गीता डालमिया, अनसूया नेवटिया, अलका सरावगी, मधु सर्राफ, उर्मिला पाड़िया, रीना सुरेखा, प्रीती पोद्दार, बीना मोदी, बीना बूबना, प्रीती बंका, प्रीती अग्रवाल, शोभा हेतमसरिया, संगीता गोयल, ममता बूबना, ललिता नारसरिया सहित अन्य मौजूद थे।

## झारखंड के सात जिलों में 15 को भारी बारिश होने की आशंका

**एजेंसी। रांची**



झारखंड के सात जिलों में 15 सितंबर को कहीं -कहीं भारी बारिश होने की आशंका है। इस दौरान 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने और आकाशीय बिजली गिरने की आशंका है। इसे लेकर शुक्रवार को मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग ने जिन जिलों में भारी बारिश होने की आशंका व्यक्त की है उनमें राज्य के उत्तर पूर्वी जिले देवघर, दुमका, गिरिडीह, जामताड़ा, गोड्डा, साहिबगंज और पाकुड़ शामिल हैं। साथ ही विभाग ने इन जिलों से सटे झारखंड के मध्यवर्ती भागों में भी कहीं-कहीं भारी बारिश होने की आशंका जताई है।

विभाग ने 13 और 14 सितंबर को भी राज्य में कहीं-कहीं तेज गति से हवा चलने और आकाशीय बिजली गिरने का अलर्ट जारी किया है। वहीं शुक्रवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से मौसम साफ रहा और धूप खिली रही। हालांकि बीच-बीच में बादल भी छाए रहे।

पिछले 24 घंटे के दौरान झारखंड में सबसे अधिक बारिश पूर्वी सिंहभूम जिले के धालभूमगढ़ में 58.4 मिलीमीटर रिकॉर्ड की गई। वही रांची में इस दौरान 56.4 मिलीमीटर बारिश रिकार्ड की गई। राज्य में सबसे अधिक तापमान 36.7 डिग्री सरायकेला में, जबकि सबसे कम तापमान 20.6 डिग्री सेल्सियस लातेहार में रिकॉर्ड किया गया। शुक्रवार को रांची में अधिकतम तापमान 31.4 डिग्री, जमशेदपुर में 35.4 डिग्री, डाल्टनगंज में 35 डिग्री, बोकारो में 32.2 चाईबासा में 34.4 डिग्री, खूंटी में 32.6 और लोहरदगा में अधिकतम तापमान 30.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

### झारखंड राज्य अराजपत्रित महासंघ के कर्मचारियों ने काला बिल्ला लगाकर की आंदोलन की शुरुआत



**रिपब्लिक नेशन**। कोडरमा। झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के तत्वाधान मे कोडरमा जिला जिलाध्यक्ष सेलेन्द्र तिवारी एवं महामंत्री शशि कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में जेएसएलपीएल के स्तर 7 व 8 के कर्मियों काला बिल्ला लगाकर आंदोलन की शुरुआत की है। आंदोलन 11.09.2025 से 12.09.202 तक जारी रहा है। इसके बाद कलमबंद और फिर प्रखण्ड/जिला/राज्य कार्यालयों में प्रदर्शन के उपरांत मांग पूरी नहीं होती है तो सभी स्तर 7 व स्तर8 कर्मी संपूर्ण अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे फिलहाल काला बिला लगाकर सरकार के विभिन्न कार्यों को अंजाम दे रहे थे , इस सन्दर्भ मे आंदोलन के रूप रेखा के अनुसार आंदोलन जारी रहेगा।विभाग के प्रमंडलीय सचिव उतरी छोटानागपुर जिला अध्यक्ष कोडरमा अमरदीप कुमार जिला महामंत्री अंजनी कुमार ने बताया कि सरकार के विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यों को स्तर 7 व स्तर 8 के द्वारा जमीनी स्तर से पूरा किया जा रहा है परंतु सरकार कर्मियों के मांगों को लेकर अनदेखा कर रही है,उन्होंने यह भी बताया कि प्रबंधन और वरीय अधिकारी आश्वाशन के नाम पर छलते आ रहे हैं लेकिन इस बार की लड़ाई आर पार की है,हम अपनी मांगे लेकर रहेंगे। स्तर 7 व स्तर 8 की मुख्य मांगे सरकार के नियमितीकरण सूची में जेएसपीएल को सूचीबद्ध करते हुए सभी कर्मियों को नियमित किया जाय। केंद्र सरकार के आदेशानुसार हुबहु एन एम एम एम नीति लागू किया जाय। अनुभवी व योग्य कर्मियों को प्रोन्नत किया जाय। स्तर 7 व स्तर 8 कर्मियों को गृह जिला के गृह प्रखण्ड/नजदीकी प्रखण्ड में पदस्थापित किया जाय। नियमित वार्षिक वेतन वृद्धि 3%+3%+3%=10% सतत किया जाय।

# युवाओं को नौकरी देने में फेल हुई हेमंत सरकार : आजसू

**एजेंसी। रांची**




आजसू ने हेमंत सरकार पर वादख़िलाफ़ी का आरोप लगाया है। आजसू के महासचिव संजय मेहता ने आजसू पार्टी मुख्यालय, रांची में आयोजित प्रेस वार्ता में शुक्रवार को सरकार को आंकडों के जरिए युवाओं को नौकरी से वंचित करने की बात कही। उन्होंने कहा कि सरकार अपने वादे अनुसार नौकरी देने में असफल रही है। इससे विवश होकर युवा हर मामले को लेकर कोर्ट जाने को विवश हैं। संजय ने कहा कि पिछली बार भी सरकार ने हर साल पांच लाख रोजगार देने की बात कही थी। सरकार ने पांच साल में 25 लाख नौकरी और बेरोजगारी भत्ता देने का झूठ बोलकर युवाओं के भविष्य और सपनों को मार दिया। वहीं दूसरे कार्यकाल में भी सरकार नौकरी के मुददे पर झारखंड के युवाओं को ठग रही है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार किसी भी परीक्षा का पारदर्शी तरीके से आयोजन नहीं करा पायी है।

**हर परीक्षा पड जाती है विवादों में**: संजय ने कहा कि सरकार की ओर से आयोजित हर परीक्षा विवादों में पड जाती है। राज्य में परीक्षा माफिया सक्रिय हैं। पेपर लीक से युवा परेशान हैं। जेएसएससी सीजीएल के अंतिम परिणाम का प्रकाशन सरकार नहीं कर पा रही है। क्योंकि सरकार की सीआईडी जांच में विलंब हो रहा है। उन्होंने कहा कि 2025 पदों में 2231 अभ्यर्थी सफल घोषित किए गए, जबकि परीक्षा में कुल तीन लाख चार हजार 769 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। उन्होंने सरकार से सीजीएल की निष्पक्ष जांच कर नियुक्ति प्रक्रिया को जल्द पूरा करने की मांग की। संजय मेहता ने कहा कि सहायक आचार्य नियुक्ति मामले में 15,409 पद खाली रह गए हैं। सरकार ने सभी 26,001 पदों के लिए डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन नहीं किया है।

**अभ्यर्थियों की मांगों को सुने सरकार**: नॉर्मलाइजेशन की पद्धति पर अभ्यर्थियों ने सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार को अभ्यर्थियों की मांगों को सुनना चाहिए। वहीं उन्होंने कहा कि उत्पाद सिपाही दौड़ में 17 युवाओं की मौत हो गई, लेकिन युवाओं की नौकरी का कोई पता नहीं है।

**एक लाख 58 हज़ार 846 पद खाली**: उन्होंने कहा कि राज्य के विभिन्न विभागों में एक लाख 58 हजार 846 पद खाली हैं। लेकिन पिछले दो वर्षों में 2.07 लाख से अधिक स्वीकृत पद समाप्त हो गए। यह युवाओं के साथ धोखा है। 2025 में अब तक सरकार नौकरी के नाम पर ठगती रही है। लेकिन अब सरकार स्वीकृत पदों को ही घटा रही है।

## डॉलर की तुलना में रुपये में मामूली तेजी, यूरो और ब्रिटिश पौंड की तुलना में रहा शानदार दर्शन

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** विदेशी संस्थागत निवेशकों के घरेलू शेयर बाजार में फ्रेश इनवेस्टमेंट करने और अमेरिका के साथ ट्रेड डील होने की उम्मीद में रुपये ने एक बार फिर मजबूती दिखाई। आज के कारोबार में रुपये ने डॉलर के मुकाबले मामूली तेजी हासिल की, लेकिन दूसरी प्रमुख अंतरराष्ट्रीय मुद्राओं की तुलना में रुपये का शानदार प्रदर्शन रहा। भारतीय मुद्रा आज सिर्फ 2 पैसे उछल कर 88.10 रुपये (अनंतिम) के स्तर पर बंद हुई। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन मंगलवार को भारतीय मुद्रा 88.12 रुपये प्रति डॉलर के स्तर पर बंद हुई थी। रुपये ने आज के कारोबार की शुरुआत मामूली कमजोरी के साथ की थी। इंटरबैंक फॉरेन एक्सचेंज मार्केट में भारतीय मुद्रा ने आज सुबह डॉलर के मुकाबले सिर्फ1 पैसे की गिरावट के साथ 88.13 रुपये के स्तर से कारोबार की शुरुआत की थी। आज का कारोबार शुरू होने के बाद रुपया फिसल कर 88.19 के स्तर तक पहुंचा। इसके बाद रुपये को विदेशी संस्थागत निवेशकों की स्टॉक मार्केट में की गई खरीदारी से सहारा मिलने लगा।

## स्टॉक मार्केट में ऑप्टिवैल्यू टेक की शानदार शुरुआत, फायदे में आईपीओ निवेशक

**नई दिल्ली।** टेक कंसल्टिंग कंपनी ऑप्टिवैल्यू टेक कंसल्टिंग के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में जोरदार एंट्री करके अपने आईपीओ निवेशकों को खुश कर दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 84 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी लिस्टिंग 23.33 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 103.60 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के बाद लिवाली के सपोर्ट से ये शेयर उछल कर 107.55 रुपये के स्तर तक पहुंचा। हालांकि इसके बाद मुनाफा वसूली शुरू हो जाने के कारण ये शेयर 101.80 रुपये के स्तर तक गिर कर बंद हुआ। मुनाफा वसूली होने के बावजूद आज पहले दिन के कारोबार में कंपनी के आईपीओ निवेशकों को 21.19 प्रतिशत का मुनाफा हो गया। ऑप्टिवैल्यू टेक कंसल्टिंग का 126 करोड़ रुपये का आईपीओ 2 से 4 सितंबर के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से शानदार रिस्पॉन्स मिला था। इसके कारण ये ओवरऑल 64.45 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 49.27 गुना सब्सक्राइब हुआ था। वहीं नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 118.82 गुना सब्सक्रिप्शन आया था।

## लगातार तीसरे दिन मजबूती के साथ बंद हुआ शेयर बाजार, निवेशकों को 1 दिन में 2.65 लाख करोड़ का मुनाफा

**नई दिल्ली।** मजबूत ग्लोबल संकेतों और अमेरिका के साथ ट्रेड डील को लेकर बढ़ी उम्मीद की वजह से घरेलू शेयर बाजार में आज उत्साह का माहौल बना रहा। आज के कारोबार के दौरान दिन के पहले सत्र में लगातार खरीदारी होती रही। हालांकि दूसरे सत्र में मुनाफा वसूली शुरू हो जाने के कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल में गिरावट भी आई। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.40 प्रतिशत और निफ्टी 0.42 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। आज दिनभर के कारोबार के दौरान आईटी सेक्टर में लगातार दूसरे दिन जमकर खरीदारी होती रही। इसके साथ ही बैंकिंग, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और रियल्टी सेक्टर के शेयरों में भी लगातार खरीदारी होती रही। इसके अलावा एफएमसीजी, फार्मास्यूटिकल, एनर्जी, कैपिटल गुड्स, मेटल, ऑयल एंड गैस और टेक इंडेक्स भी मजबूती के साथ बंद हुए। दूसरी ओर, ऑटोमोबाइल और कंज्यूमर ड्यूरेबल सेक्टर के शेयरों में लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.84 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.72 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में ढाई लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई।

## ब्रदर इंटरनेशनल इंडिया ने भारतीय बाजार में 6 इंक टैंक प्रिंटर किए लॉन्च

**नई दिल्ली।** ब्रदर इंटरनेशनल ने भारतीय बाजार में छह उच्च दक्षता वाले इंक टैंक प्रिंटरों की एक नई श्रृंखला लॉन्च की है। कंपनी ने इन प्रिंटरों को घरेलू उपयोगकर्ताओं, कार्यालय पेशेवरों और छोटे व्यवसायों की उभरती मुद्रण जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन किया है। ब्रदर इंटरनेशनल इंडिया के उच्च दक्षता वाले इन छह इंक टैंक प्रिंटरों की शुरुआती कीमत 13,990 रुपये से लेकर 35,590 रुपये तक है। ब्रदर इंटरनेशनल इंडिया के निदेशक सलीम निशी और प्रबंध निदेशक आलोक निगम ने नई दिल्?ली में आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि कंपनी ने क्षमता, उपयोग में आसानी और कनेक्टिविटी पर ध्यान केंद्रित करते हुए उच्च दक्षता वाले इंक टैंक प्रिंटरों का निर्माण किया है।ये प्रिंटर नवीनतम लाइनअप भारतीय बाजार के लिए स्मार्ट, विश्वसनीय और लागत प्रभावी प्रिंटिंग समाधान प्रदान करने के लिए ब्रदर इंटरनेशनल इंडिया की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। इसके अलावा हाल के वर्षों में दूरस्थ शिक्षा उपकरणों की बढ़ती मांग और छोटे व्यवसायों के डिजिटलीकरण के कारण, बहुमुखी और कॉम्पैक्ट प्रिंटिंग उपकरणों की जरूरतें अनिवार्य हो गई है। ब्रदर इंटरनेशनल इंडिया के प्रिंटर की रेंज के अभियान की थीम अनुभव को रंगीन बनाएं।

# अगस्त में 3 लाख वाहन स्क्रैप, बीएस-7 मानदंडों के साथ वैश्विक स्टैंडर्ड अपनाएंगे: गडकरी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को कहा कि वाहन स्क्रैपिंग नीति देश की अर्थव्यवस्था और पर्यावरण दोनों के लिए वरदान साबित हो रही है। अगस्त 2025 तक 3 लाख वाहन स्क्रैप हो चुके हैं, जिनमें से 1 लाख 41 हजार सरकारी वाहन थे, जबकि देश में 97.4 लाख वाहनों को स्क्रैप किया जा सकता है। गडकरी ने नई दिल्ली में सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (एसआईएएम) के 65वें वार्षिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि उन्होंने हाल ही में प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री से स्क्रैपिंग के बाद नई गाड़ियां खरीदने वाले लोगों को जीएसटी में राहत देने का अनुरोध किया है। वर्तमान में मासिक 16,830 वाहन स्क्रैप हो रहे हैं और निजी क्षेत्र ने इस क्षेत्र में 2,700 करोड़ रुपये का निवेश किया है। भारत प्रतिवर्ष 27 लाख टन स्टील



आयात करता है, जो स्क्रैपिंग से प्राप्त किया जा सकता है। इसी तरह एल्यूमीनियम का आयात भी कम हो सकता है। स्क्रैपिंग से अब तक 3.67 लाख टन स्टील निकाला गया है, जो कुल जरूरत का मात्र 6 प्रतिशत है। यदि स्क्रैप धातुओं से नई गाड़ियां बनाई जाएं तो केंद्र और राज्य सरकारों को 40 हजार करोड़ रुपये का राजस्व लाभ होगा, साथ ही ऑटोमोबाइल कंपनियों को भी लागत में भारी कमी का फायदा मिलेगा। उन्होंने कहा कि भारत ने बीएस-4 से बीएस-6 उत्सर्जन मानदंडों पर पहुंच गया है, जो सभी पक्षों के समन्वय का परिणाम है। अब बीएस-7 मानदंडों और कॉरपोरेट एवरेज फ्यूल एफिशिएंसी (कैफे) को अपनाने के लिए वैश्विक मानकों, विशेष रूप से यूरोपीय स्टैंडर्ड्स के साथ तालमेल बनाए रखा जाएगा।

वायु प्रदूषण को देश की सबसे बड़ी समस्या बताते हुए उन्होंने कहा कि परिवहन क्षेत्र कुल प्रदूषण का 40 प्रतिशत योगदान देता है। स्वास्थ्य पर इसका बुरा असर पड़ रहा है। गडकरी ने एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि माल परिवहन का 81 प्रतिशत सड़कों से, मात्र 1 प्रतिशत रेल से और 17 प्रतिशत अन्य माध्यमों से होता है। सड़कों का विस्तार तेजी से हो रहा है। एक्सप्रेसवे निर्माण कार्य चल रहा है।

## डिजिटल उद्यम असिस्ट पंजीकरण के लिए फोनपे ने सिडबी से हाथ मिलाया

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक) क्षेत्र की कंपनी फोनपे ने भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौता ज्ञापन पर केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता सूक्ष्म उद्यमों और व्यापारियों को सशक्त बनाने के लिए उद्यम असिस्ट मंच (यूएपी) के जरिए संपूर्ण डिजिटल समाधान प्रदान करने के लिए किया गया है। जीतन राम मांझी ने कहा कि उद्यम सहायता प्लेटफॉर्म के जरिए उद्यमों को पंजीकरण की सुविधा प्रदान करने के लिए एमएसएमई मंत्रालय और सिडबी का यह ऐतिहासिक कदम है, जिससे कई उद्यमियों को लाभ होगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इससे उद्यमियों की मदद होगी। हम बहुत कम समय में गरीबी मिटाने की दिशा में ऐसे लोगों के साथ मिलकर आगे बढ़ रहे हैं। इस सहयोग का उद्देश्य भारत भर के असंगठित सूक्ष्म उद्यमों (आईएमई) को डिजिटल प्रथम उद्यम असिस्ट पंजीकरण प्रदान करके संगठित बनाना है, जिससे उन्हें सरकारी योजनाओं, ऋण सुविधाओं और व्यापक डिजिटल भुगतान पारिस्थितिकी तंत्र सहित लाभों तक पहुंच प्राप्त हो सके। इस अवसर पर फोनपे क्रेडिट सर्विसेज के मुख?य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) हेमंत गाला ने कहा कि आज हमारे लिए एक ऐतिहासिक दिन है। उन?होंने कहा कि हमने जो किया है वह यह है कि एमएसएमई मंत्रालय ने उद्यम असिस्ट पोर्टल बनाया था। इस पोर्टल ने व्यापारियों को डिजिटल रूप से खुद को ऑनबोर्ड करने और उनके लिए एक व्यावसायिक प्रमाणपत्र बनाने में सक्षम बनाया। सिडबी के साथ मिलकर हमने एक ऐसी प्रक्रिया बनाई है, जिसके तहत हम फोनपे बिजनेस ऐप के माध्यम से व्यापारियों को डिजिटल रूप से ऑनबोर्ड करते हैं और उन्हें एक व्यावसायिक प्रमाणपत्र देते हैं।

## ऑटोमोबाइल सेक्टर के बाजार विस्तार और सप्लाई चेन को मजबूत करने में केंद्र सरकार करेगी मदद

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि सरकार का ध्यान ऑटोमोबाइल उद्योग के विकास को बढ़ावा देने, रोजगार के अधिक अवसर पैदा करने और बाजार के आकार व पहुंच का विस्तार करने पर है। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशंस (फाडा) के सातवें ऑटो रिटेल कॉन्क्लेव और चौथे फाइनेंस एंड इंश्योरेंस समिट के उद्घाटन के दौरान केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा कि ऑटोमोबाइल रिटेल सेक्टर कंज्यूमर और इंडस्ट्री के बीच एक इंटरफेस है, जो मार्केटिंग की नैतिकता, अच्छी गुणवत्ता वाली सेवा, उचित वित्तपोषण और बीमा शर्तों और बेहतर रजिस्ट्रेशन प्रक्रियाओं के लिए जिम्मेदार है। केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा कि यह सेक्टर ग्राहकों और ऑटोमोबाइल कंपनियों के बीच एक सेतु का काम करता है और कंपनियों की विश्वसनीयता डीलर के काम करने और उपभोक्ताओं को सेवा प्रदान करने के तरीके पर निर्भर करती है। उन्होंने कहा कि ऑटोमोबाइल के अधिक किफायती होने के साथ जीएसटी सुधार का लाभ 22 सितंबर से उपभोक्ताओं तक पहुंचाया जाएगा। केंद्रीय मंत्री गोयल ने बिक्री के बाद की सेवा, स्पेयर पार्ट्स की उपलब्धता और ग्राहकों के लिए निरंतर समर्थन के महत्व पर भी जोर दिया।

उन्होंने कहा कि ऐसे कई मामले देखे गए हैं, जिनमें कंपनियां भारत में काम तो शुरू करती हैं लेकिन कुछ समय बाद ही काम को बंद कर चली जाती हैं। ऐसे में ऐसी कंपनियों के उत्पादों को खरीदने वाले ग्राहकों के लिए चुनौतियां पैदा होती हैं। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा, ऐसे मामलों में ग्राहकों की चिंताओं को दूर करने की जिम्मेदारी डीलर्स पर आ जाती है। व्यवधान को रोकने और खरीदारों की सुरक्षा के लिए उन्होंन एक फ्रेमवर्क या चार्टर बनाने के सुझाव दिया, जिसके तहत भारत में काम करने वाली सभी कंपनियों को परिचालन बंद करने की अनुमति मिलने से पहले एक निश्चित अवधि तक स्थानीय उपस्थिति बनाए रखने और बिक्री के बाद सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध होना होगा। उन्होंने कहा कि इससे ग्राहकों की निराशा दूर होगी साथ ही ऑटोमोबाइल सेक्टर की विश्वसनीयता बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि भारत कई विकसित देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों पर बातचीत कर रहा है और वैश्विक कंपनियों से निवेश आकर्षित कर रहा है। उन्होंने घरेलू उद्योग और निर्माताओं का समर्थन करते कहा कि प्रतिस्पर्धा निष्पक्ष होनी चाहिए, क्योंकि प्रतिस्पर्धा से दक्षता, उत्पाद की गुणवत्ता और उपभोक्ता की पसंद में सुधार होता है। उन्होंने कहा कि मैन्युफैक्चरिंग में वृद्धि तब होगी जब ग्लोबल कंपनियां अपने उत्पादों को भारतीय बाजार में टेस्ट कर सकेंगी, जिससे एक बड़े निवेश को बढ़ावा मिलेगा।

## एचएमएसआई 350 सीसी के मॉडल के दाम 18,800 रुपये तक घटाएगी, नई कीमतें 22 सितंबर से होगीं प्रभावी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एचएमएसआई) ने माल एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों में कटौती का लाभ ग्राहकों को देने का ऐलान किया है। कंपनी ने इसके तहत अपने 350 सीसी तक के मॉडल की कीमतें 18,800 रुपये तक घटाने का फैसला किया है। संशोधित कीमतें 22 सितंबर से प्रभावी होंगी।

कंपनी ने गुरुवार को जारी एक बयान में बताया कि वह अपने उत्पाद पोर्टफोलियो में हाल ही में जीएसटी दर में की गई कटौती का पूरा लाभ ग्राहकों को देगी। होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने इसके तहत 350 सीसी तक के अपने दोपहिया वाहनों की कीमत में कटौती की है, जिससे इनकी कीमतें 18,800 रुपये तक कम हो गई हैं। इसमें स्कूटर और मोटरसाइकिल दोनों शामिल होंगे। एचएमएसआई के निदेशक बिक्री एवं विपणन योगेश माथुर ने कहा कि दोपहिया वाहनों और कलपुर्जो पर जीएसटी में कमी एक समयोचित

HONDA

Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd. (HMSI)

और दूरदर्शी कदम है, जिससे वाहन अधिक किफायती बनेंगे और समग्र पारिस्थितिकी तंत्र मजबूत होगा। उन?होंने कहा कि कंपनी ने यह कदम जीएसटी परिषद की ओर से हाल ही में दोपहिया वाहनों पर टैक?स की दर को 28 फीसदी से घटाकर 18 फीसदी करने के निर्णय के बाद उठाया गया है। योगेश माथुर ने कहा कि कंपनी ने यह कदम ग्राहकों को लाभ पहुंचाने और बाजार को मजबूत करने के लिए उठाया है।

## भारत में एप्पल के मैन्युफैक्चरिंग बढ़ाने से रोजगार के नए अवसर होंगे पैदा, टैक्स चोरी में आएगी कमी : रिपोर्ट

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** एक्सपर्ट्स का कहना है कि टेक कंपनी एप्पल आईफोन 17 रेंज को भारत में मैन्युफैक्चर करेगी, कंपनी के इस कदम से सप्लाई चेन की दक्षता में वृद्धि होगी, टैक्स लीकेज घटेगा और साथ ही देश की प्रीमियम डिवाइस मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में स्थिति मजबूत होगी। ग्रांट थॉर्नटन भारत के अनुसार, एप्पल के विस्तारित फुटप्रिंट से समर्थित मेक इन इंडिया पहल से निर्यात को बढ़ावा मिलने के साथ रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी। साथ ही, हाई-टेक मैन्युफैक्चरिंग पावरहाउस के रूप में भारत की विश्वसनीयता बढ़ने की उम्मीद है। एप्पल, फॉक्सकॉन और टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स के माध्यम से तमिलनाडु और कर्नाटक में प्रोडक्शन शिफ्ट कर बेसिक कस्टम ड्यूटी से बच जाता है। अन्यथा कंपनी को आयायित फुली एसेंबल डिवाइस पर यह शुल्क देना पड़ेगा। ग्रांट थॉर्नटन



भारत में टैक्स प्लानिंग और ऑप्टिमाइजेशन-पार्टनर कृष्ण अरोड़ा ने कहा कि लोकल असेंबली कंपनी को अमेरिका में संभावित टैरिफ वृद्धि से भी बचाती है। अमेरिका द्वारा भारत पर उच्च टैरिफ लगाए जाने के बाद, देश के कुछ निर्यातों पर अब 50 प्रतिशत तक के शुल्क लग रहे हैं, हालांकि स्मार्टफोन पर अभी इस तरह के शुल्क लागू नहीं है। एप्पल के इस कदम से भारत की उत्पादन-आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत भी लाभ हुआ है। यह योजना पिछले पांच वर्षों से भारत में निर्मित फोन की बिक्री में वृद्धि पर 4-6 प्रतिशत नकद प्रोत्साहन प्रदान कर रही है। अरोड़ा ने आगे कहा, हालांकि, कंपनी के इस निर्णय से भारत में उपभोक्ताओं के लिए कीमतें तुरंत कम नहीं होंगी। उन्होंने आगे कहा कि इससे एप्पल के कॉन्ट्रैक्ट निर्माताओं को वित्त वर्ष 2024-25 में आईफोन निर्यात में 10 बिलियन डॉलर से अधिक का आंकड़ा पार करने में मदद मिली है। इसी के साथ 2025 की पहली छमाही में निर्यात सालाना आधार प 53 प्रतिशत बढ़कर 23.9 मिलियन यूनिट तक पहुंच गया है। 2025 की पहली छमाही में भारत में असेंबल किए गए 78 प्रतिशत आईफोन अमेरिका भेजे गए, जो एक वर्ष पहले 53 प्रतिशत था। तमिलनाडु सरकार ने पूंजीगत सब्सिडी, फास्ट-ट्रैक्ड एनवायरमेंटल क्लीयरेंस और डेडिकेटेड इलेक्ट्रॉनिक्स पार्क की पेशकश की है, जबकि कर्नाटक ने रियायती दरों पर जमीन, बिजली दरों में छूट और स्किल डेवलपमेंट ग्रांट की पेशकश की है।

## यूरो प्रतीक सेल्स का आईपीओ 16 सितंबर को खुलेगा, प्राइस बैंड 235-247 रुपये प्रति शेयर

**एजेंसी**

**मुंबई।** यूरो प्रतीक सेल्स लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 16 सितंबर को खुलेगा। निवेशक इसमें निवेश करने के लिए 18 सिंतबर तक बोली लगा सकते हैं। कंपनी ने इसके लिए मूल?य का दायरा (प्राइस बैंड) 235-247 रुपये प्रति शेयर तय किया है। यूरो प्रतीक सेल्स लिमिटेड ने एक बयान में बताया कि उसका आईपीओ 16 सितंबर को अभिदान के लिए खुलकर गुरुवार, 18 सितंबर 2025 को बंद होगा। कंपनी ने 1 रुपये अंकित मूल्य वाले इस आईपीओ के लिए मूल्य का दायरा 235-247 रुपये प्रति शेयर तय किया है। निवेशक इसमें न्यूनतम 60 इक्विटी शेयरों और उसके बाद 60 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोली लगा सकते हैं। यह आईपीओ पूरी तरह से प्रमोटर और प्रमोटर समूह के शेयरधारकों द्वारा 451 करोड़ रुपये तक बिक्री पेशकश (ओएफएस) है। इस ऑफर में कर्मचारी आरक्षण वाले हिस्से में आवेदन करने वाले पात्र कर्मचारियों के लिए आरक्षण भी शामिल है। यूरो प्रतीक सेल्स लिमिटेड की स्थापना 19 जनवरी, 2010 को




हुई थी। मुंबई मुख्यालय वाली यह कंपनी एक परिसंपत्ति-रहित व्यवसाय मॉडल पर काम करती है। कंपनी का मुख्य ध्यान उत्पाद डिजाइन और विकास पर है। एक्सिस कैपिटल लिमिटेड और डीएएम कैपिटल एडवाइजर्स लिमिटेड इसके बुक-रनिंग लीड मैनेजर हैं, एमयूएफजी इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में लिंक इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड) इस प्रस्ताव का रजिस्ट्रार है।

# खाद्य वस्तुओं की कीमतों में गिरावट के कारण महंगाई अगस्त में 2 प्रतिशत रहने का अनुमान : रिपोर्ट

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित महंगाई दर या खुदरा महंगाई दर अगस्त में 2 प्रतिशत रहने का अनुमान है। यह जानकारी गुरुवार को जारी हुई बैंक ऑफ बड़ौदा की रिपोर्ट में दी गई।

सरकारी बैंक की ओर से कहा गया कि महंगाई के निचले स्तरों पर रहने की वजह आवश्यक वस्तु सूचकांक (ईसीआई) में कमजोरी बने रहना है। बैंक ऑफ बड़ौदा के अनुसार, ईसीआई लगातार चार महीनों से अपस्फीति क्षेत्र में है। इसमें अगस्त में सालाना आधार पर -1 प्रतिशत की और सितंबर के पहले 9 दिनों में -0.9 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। रिपोर्ट में बताया गया कि सब्जियों और दालों की अच्छी पैदावार के कारण खाद्य वस्तुओं की



कीमतें नियंत्रण में रहेंगी। सितंबर में टमाटर, प्याज और आलू की कीमतों में गिरावट देखी जा रही है।

इसके अलावा वैश्विक स्तर पर भी खाद्य और ऊर्जा की कीमतें नियंत्रण में बनी हुई हैं।बैंक ऑफ बड़ौदा ने कहा, सरकार द्वारा अधिकांश एफएमसीजी और टिकाऊ वस्तुओं सहित अन्य पर जीएसटी दरों को कम करने का वर्तमान कदम महंगाई के मोर्चे पर राहत की बात है। हमारा अनुमान है कि सीपीआई पर इसका समग्र प्रभाव 55-75 आधार अंक रहेगा। सूचकांक में शामिल 20 में से 10 वस्तुओं में अपस्फीति देखी गई, जिसमें सबसे तेज गति प्याज और आलू में देखी गई।

रिपोर्ट में कहा गया है कि प्याज की खुदरा कीमतों में सालाना आधार पर सबसे अधिक -37.5 प्रतिशत की गिरावट देखी गई है। यह जनवरी 2021 के बाद सबसे तेज गिरावट थी। आलू के लिए भी, वर्तमान मूल्य 44 महीनों के निचले स्तर पर है। दालों में, अधिकांश उप-घटकों में लगातार अपस्फीति देखी जा रही है। बैंक ऑफ बड़ौदा ने कहा कि सबसे ज्यादा गिरावट तुअर/अरहर में देखी जा रही है, जिसमें अगस्त में -29 प्रतिशत की गिरावट आई है। दालों की अन्य श्रेणियां, जिनमें उल्लेखनीय गिरावट देखी गई हैं, उसमें उड़द (-8.9 प्रतिशत), मूंग (-5.2 प्रतिशत) और मसूर (-1.4 प्रतिशत) शामिल हैं। मुद्रास्फीति में गिरावट बेहतर उत्पादन से समर्थित है। वास्तव में, चालू खरीफ सीजन में, दालों के बुवाई क्षेत्र में सुधार हुआ है। अनाजों में, चावल की खुदरा कीमत धीमी गति से कम हुई है।

# सर्राफा बाजार में सोने की कीमत में मामूली तेजी, चांदी की घटी चमक

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में सोना आज मामूली बढ़त के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। जबकि चांदी के भाव में आज मामूली गिरावट दर्ज की गई है। कीमत में आई तेजी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,10,520 रुपये से लेकर 1,10,670 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। दूसरी ओर, 22 कैरेट सोना आज 1,01,310 रुपये से लेकर 1,01,460 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में कमजोरी के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 1,29,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है।

दिल्ली में 24 कैरेट सोना 1,10,670 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,01,460 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,10,520 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,01,310 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,10,570 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,01,360 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,10,520 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,01,310 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 1,10,520 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,01,310 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,10,670 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,01,460 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,10,570 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,01,360 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,10,670 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,01,460 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## ईडी का 346 करोड़ रुपये के बैंक धोखाधड़ी मामले में दिल्ली-एनसीआर सहित नौ ठिकानों पर छापा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली-एनसीआर, तमिलनाडु और कर्नाटक में नौ ठिकानों पर छापेमारी की है। यह छापेमारी हरियाणा स्थित एक बिजली क्षेत्र की कंपनी और उसके प्रमोटरों द्वारा कथित तौर पर 346 करोड़ रुपये के बैंक धोखाधड़ी मामले से जुड़ी मनी लॉन्ड्रिंग जांच के सिलसिले में है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि ईडी के गुरुग्राम क्षेत्रीय कार्यालय ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में पांच परिसरों, चेन्नई में तीन और बेंगलुरु में एक ठिकानों में छापेमारी की है। यह जांच गुरुग्राम स्थित हाइथ्रो पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) के खिलाफ है, जो परिसमापन (लिक्विडेशन) के दौर से गुजर रही है। इसके निदेशकों अमूल गबरानी और अजय कुमार बिश्नोई के अलावा कुछ अन्य लोगों के खिलाफ भी ईडी की जांच जारी है। केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी का यह मामला धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 के तहत दर्ज फरवरी 2025 की सीबीआई एफआईआर से जुड़ा है, जिसमें प्रमोटरों पर आरोप है कि उन्होंने ऋण राशि को अपनी कुछ संबद्ध संस्थाओं को हस्तांतरित कर दिया, जिससे बैंकों को नुकसान हुआ।

# मध्य प्रदेश को मिले 14,600 करोड़ के निवेश प्रस्ताव, 16 हजार रोजगार होंगे सृजित

**एजेंसी**

**भोपाल।** मध्य प्रदेश सरकार की ओर से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में कोलकाता के एक होटल में निवेश संभावनाओं पर आयोजित इंटरैक्टिव सेशन में 14,600 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। इनमें रुईया ग्रुप के पवन कुमार रूईया ने 4200 करोड़, विक्रम सोलर के ज्ञानेश चौधरी ने नवकरणीय ऊर्जा के 10,150 करोड़ रुपये, इसेन बायोग्रीन प्रा.लि./आयुरवृद्धि के यशवर्धन अग्रवाल ने फूड प्रोसेसिंग के लिए 150 करोड़, अजंता ग्रुप के विपुल कंसाल ने फुट वियर क्षेत्र में 100 करोड़ रुपये का प्रस्ताव दिया। इन निवेश प्रस्तावों से प्रदेश में 16 हजार 900 लोगों के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे।यह जानकारी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंटरैक्टिव सेशन को संबोधित करते हुए दी। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में उत्पादित आर्गेनिक कॉटन की मांग अनेक देशों में है। प्रदेश टेक्सटाइल का हब बनने की ओर अग्रसर है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में सात पीएम मित्रा पार्क स्वीकृत किये। उसमें से पहले पीएम मित्रा पार्क का भूमि-पूजन करने प्रधानमंत्री मोदी 17 सितम्बर को धार जिले में आ रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उद्योगपतियों का आह्वान किया कि वे मध्य प्रदेश आएं, राज्य सरकार निवेशकों को पीएम मित्रा पार्क में हर संभव सहायता और सुविधा उपलब्ध करवायेगी। धार का पीएम मित्रा पार्क भारत के औद्योगिक विकास की यात्रा में महत्वपूर्ण आयाम जोड़ेगा।

मुख्यमंत्री ने उद्योगपतियों के इंटरैक्टिव सेशन में मध्य प्रदेश को निवेश और औद्योगिक विकास के लिए सबसे भरोसेमंद और अवसरों से भरा राज्य बताया। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश की रणनीतिक भौगोलिक स्थिति, देश के मध्य में स्थित होने के कारण उत्तम कनेक्टिविटी, विश्वस्तरीय आधारभूत ढांचा और औद्योगिक शांति इसे उद्योगपतियों के लिए आदर्श निवेश स्थल बनाते हैं। उन्होंने कहा कि यह पार्क राज्य के टेक्सटाइल और गारमेंट सेक्टर को वैश्विक मानकों तक पहुंचाने के साथ रोजगार और आर्थिक विकास में नए आयाम खोलेगा। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश की शुद्ध और ऑर्गेनिक कॉटन उत्पादन क्षमता इसे टेक्सटाइल निवेश के लिए विशेष बनाती है। पीएम मित्रा पार्क के माध्यम से राज्य में उत्पादन और प्रोसेसिंग के उच्च मानक स्थापित होंगे, जिससे निवेशकों को लाभ के साथ रोजगार के अवसर भी सुनिश्चित होंगे। उन्होंने उद्योगपतियों को भरोसा दिलाया कि राज्य में निवेश स्थिर, पारदर्शी और सुरक्षित वातावरण में किया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने उद्योगपतियों का आहवान किया कि आइये हम संकल्प लें कि स्वदेशी अपनायेंगे, हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनेंगे और प्रधानमंत्री श्री मोदी के मेक इन इंडिया और विकसित भारत के संकल्प को पूरी शक्ति के साथ साकार करेंगे। मुख्यमंत्री ने कोलकाता की समृद्ध सांस्कृतिक और बौद्धिक परंपरा का सम्मान करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद, नेताजी सुभाषचंद्र बोस और रवींद्रनाथ टैगोर जैसे महापुरुषों ने देश को नई दिशा दी। उन्होंने कहा कि यह प्रेरक इतिहास और बौद्धिक परंपरा उद्योग जगत के लिए प्रेरक है और मध्यप्रदेश के औद्योगिक विकास और निवेश के दृष्टिकोण से साथ जुड़ती है। मुख्यमंत्री ने उद्योगपतियों से कहा कि कोलकाता जैसे ऐतिहासिक और बौद्धिक केंद्र से संवाद करना राज्य में निवेश के लिए उत्साह और नई ऊर्जा प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि राज्य में विकसित औद्योगिक कॉरिडोर, लॉजिस्टिक हब और आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर निवेशकों को मजबूत प्रतिस्पर्धी लाभ देते हैं। सड़क, रेल और हवाई नेटवर्क के माध्यम से पूरे देश में उत्पाद और सेवाओं की आपूर्ति सरल और त्वरित रूप से की जा सकती है।